Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 205 | रविवार, 27 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## देश की शिक्षा व्यवस्था पर फिर मोहन भागवत ने दिया बड़ा बयान

# बोले-भारतीय दर्शन पर आधारित हो शिक्षा प्रणाली



**कोच्चि।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि देश में शिक्षा प्रणाली उपनिवेशी विचारों के दीर्घकालिक प्रभाव के तहत विकसित हुई है।

विकसित राष्ट्र के लिए भारतीय दर्शन पर आधारित वैकल्पिक प्रणाली तैयार करने की आवश्यकता है। आरएसएस से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चिंतन बैठक के दूसरे दिन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि स्वयंसेवकों को अपने कार्यक्षेत्र में सक्षम बनना चाहिए। दूसरों को आगे बढ़ाने के लिए मित्रवत संबंध विकसित करने चाहिए।इस बैठक का उद्घाटन शुक्रवार को भागवत ने किया था। संस्कृति उत्थान न्यास ने बयान में कहा कि मोहन भागवत रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन 'ज्ञान सभा' को संबोधित करेंगे। हालांकि सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन 28 जुलाई सोमवार को होगा। न्यास ने दावा किया कि ''भारतीय दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रणाली'' ''सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय प्रगति'' का मार्ग प्रशस्त करेगी। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कोठारी ने कहा कि नैतिक मूल्यों में गिरावट, महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि, पर्यावरणीय समस्याएं आदि हमारे समाज को गंभीर संकट की ओर ले जा रही हैं।

**दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है भारत**

उन्होंने इसका समाधान खोजने की सलाह दी। कोठारी ने कहा कि ज्ञान सभा का आयोजन भारत के संदर्भ में किया जा रहा है, जो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है, जिसने अपनी अनूठी तकनीक के माध्यम से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक सफलतापूर्वक पहुंचकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया है।

## आईडीएफ ने हवाई मदद भेजने का किया एलान

# गाजा में इस्राइली हमलों और गोलीबारी में 53 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।**

गाजा में इस्राइली हवाई हमलों और गोलीबारी में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई। ज्यादातर लोगों को उस समय गोली मारी गई, जब वे खाने की मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। वहीं, इस्राइली सेना ने एलान किया है कि वह शनिवार रात से गाजा में हवाई मदद भेजना शुरू कर देगी। गाजा में शुक्रवार रातभर और शनिवार तक इस्राइली हवाई हमलों और गोलीबारी में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी फलस्तीनी स्वास्थ्य



अधिकारियों और स्थानीय एंबुलेंस सेवा ने दी। ज्यादातर लोगों को उस समय गोली मारी गई, जब वे खाने की मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। भूख से मरने के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं।

## शादी से इनकार पर पाकिस्तानी इन्फ्लुएंसर की हत्या

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और टिकटॉक स्टार सुमीरा राजपूत की कथित तौर पर हत्या कर दी गई है। उनका शव संदिग्ध परिस्थियो में पाया गया है। सुमीरा की बेटी का दावा है कि शादी से इनकार पर मां को जहर दिया गया। पाकिस्तान में एक और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की संदिग्ध परिस्थितियो में हत्या कर दी गई है। कुछ दिनों पहले पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना यूसुफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## बीजापुर में जवानों को मिली बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर



**नई दिल्ली।**

छत्तीसगढ़ की बीजापुर पुलिस को आज बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। बता दें कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है। डीआरजी, सीआरपीएफ और कोबरा की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस ने जानकारी दी कि मुठभेड़ के दौरान ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। इससे पहले शनिवार सुबह झारखंड के गुमला में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। लावादग गांव में मौजूद झारखंड जन मुक्ति परिषद (खखटढ) के तीन नक्सली को ढेर किया गया जबकि दो नक्सली भागने में सफल रहे। मौके से एक एके-47 राइफल और दो इंसास राइफलें बरामद जबकि दो नक्सली भागने में सकी गई हैं। झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया था। पुलिस को जानकारी मिली थी खखटढ के नक्सली लावादग चोरालता गांव के पास एक घर में छिपे हैं। वहीं, वो लोग किसी वारदात की प्लानिंग कर रहे हैं।

## ट्रंप की कंबोडिया-थाईलैंड को चेतावनी, लड़ाई नहीं रुकी तो नहीं करेंगे व्यापार



**नई दिल्ली।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कंबोडिया और थाईलैंड को चेतावनी दी है कि अगर दोनों ने युद्धविराम नहीं किया तो अमेरिका उनके साथ व्यापार समझौता नहीं करेगा। इसके अलावा, ट्रंप ने यह भी कहा कि यह संघर्ष उन्हें भारत और पाकिस्तान की याद दिलाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कंबोडिया और थाईलैंड से सीमा संघर्ष को समाप्त करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उन्होंने युद्धविराम की घोषणा नहीं की तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि यह संघर्ष उन्हें भारत और पाकिस्तान की याद दिलाता है, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक रुकवाने का दावा किया था। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, 'मैंने अभी कंबोडिया के प्रधानमंत्री से बात की और उनसे थाईलैंड के साथ युद्ध रोकने की अपील की। अब मैं थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री से बात करने जा रहा हूं, ताकि युद्ध और हिंसा खत्म हो सके।' ट्रंप ने आगे कहा, संयोग से हम दोनों देशों के साथ व्यापार की बातचीत कर रहे हैं। लेकिन अगर कोई देश युद्ध कर रहा है, तो अमेरिका उसके साथ व्यापार नहीं करेगा, और मैंने उन्हें ये बात साफ-साफ बता दी है।

## 'भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए रियल टाइम डाटा शेयरिंग जरूरी': अमित शाह

**नई दिल्ली।**



गृह मंत्री अमित शाह ने देश के सामने भविष्य में आने वाली आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच रियल टाइम डाटा शेयरिंग का इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया। आंतरिक सुरक्षा की मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की नए सिरे से स्थापना बताया। हाईब्रिड माडल पर आयोजित सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के महानिदेशक और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ- साथ अत्याधुनिक तकनीक से जुड़े विशेषज्ञ भी शामिल हुए। शुक्रवार को शुरू हुए सम्मेलन को अंतिम दिन संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का सुबूत है, जिसका प्रदर्शन पूरी दुनिया के सामने किया गया। मोदी सरकार के दौरान पिछले 11 वर्षों में देश की आंतरिक समस्याओं के समाधान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को विरासत में विभिन्न राज्यों में बिखरी हुई अनेक समस्याएं मिली थीं, जिनका समाधान किया गया।

## भारत ने फिजी को पांच मीट्रिक टन लोबिया के बीज भेजे

**नई दिल्ली।**

भारत ने फिजी और सोमालिया को सहायता खेप भेजी है। भारत ने फिजी को कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए पांच मीट्रिक टन काली आंखों वाले लोबिया के बीज भेजे हैं। जबकि, सोमालिया को मानवीय सहायता खेप भेजी है। इस खेप में आवश्यक दवाओं, सर्जिकल वस्तुओं, अस्पताल की आवश्यक वस्तुओं और जैव चिकित्सा उपकरणों सहित कई महत्वपूर्ण चिकित्सा आपूर्तियां शामिल हैं। भारत ने शनिवार को फिजी की मदद के लिए पांच मीट्रिक टन काली आंखों वाले लोबिया के बीज भेजे। यह बीज खेती में सुधार लाने के लिए भेजे गए हैं।



## तमिलनाडु में बोले पीएम मोदी

# 'मेक इन इंडिया हथियारों ने आतंक के आकाओं की नींद उड़ा दी'

**थूथुकुडी।**

पीएम नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के थूथुकुडी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए मेड इन इंडिया हथियारों को भारत की ताकत बताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के स्वदेशी हथियारों ने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई। पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार मेक इन इंडिया और मिशन मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। भारत में बने हथियारों ने पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी ठिकानों को मलबे में बदल दिया। भारत में बने हथियार आज भी आतंक के आकाओं को रात में सोने नहीं दे रहे हैं। पीएम मोदी ने तमिलनाडु को कई हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने बंदरगाह इंफ्रास्ट्रक्चर, एयरपोर्ट विस्तार, हाईवे अपग्रेड, रेल




इलेक्ट्रिफिकेशन और क्लीन एनर्जी के 4900 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने चेन्नई से संपर्क सुधारने के लिए 2,500 करोड़ रुपये की दो प्रमुख सड़क परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित थूथुकुडी हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का भी उद्घाटन किया। उन्होंने ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का जिक्र किया और कहा कि इससे तमिलनाडु के युवाओं का फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज हम अपने प्रयासों से एक विकसित तमिलनाडु और एक विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ा रहे हैं।

## जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।**

इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई कर सकता है। याचिका में जस्टिस वर्मा ने नकदी बरामदगी मामले में आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को अमान्य करार देने की मांग की है। जांच समिति ने नकदी बरामदगी मामले में जस्टिस वर्मा को दोषी माना है। याचिका में जस्टिस वर्मा तर्क दिया गया कि जांच समिति ने उन्हें पूर्ण और निष्पक्ष सुनवाई का अवसर नहीं दिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ इस याचिका पर सुनवाई कर सकती है। जस्टिस वर्मा ने तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की आठ मई की सिफारिश को भी रद करने की मांग की है, जिसमें जस्टिस खन्ना ने संसद से उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया था। जस्टिस खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जज के महाभियोग की सिफारिश की थी। गौरतलब है कि 14 मार्च को दिल्ली स्थित जज के आवास में आग लगने के दौरान नकदी मिली थी। उस समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट के जज थे। इस मामले के बाद उनका तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट में कर दिया गया।



## संपादक की कलम से

# जॉब ट्रेनी के अवतार में नौकरी

सरकारी नौकरियों का उधार खत्म नहीं होता, जबकि हिमाचल में सियासत ने रोजगार के पैमानों को हमेशा इसी नजरिए से जायज बना कर रखा। आश्चर्य यह कि आज तक नौकरियों की पैमाइश में कोई भी सियासत जायज नहीं ठहराई गई। अब अनुबंध के कोरे कागज पर नौकरी के बजाय जॉब ट्रेनी का इश्तिहार चिपकाया जाएगा। सरकारी नौकरी की शक्ति में हिमाचल के सपने गुलाम होते रहे हैं। हमने बच्चों को



ललित शर्मा
संपादक

सिखाया ही नहीं कि बड़ा रोजगार इतना बड़ा होता है कि उसके हिसाब से सरकारी क्षेत्र नौकरी दे ही नहीं सकता। खैर अब तक सरकारी नौकरी के तौर तरीके आंखों में धूल और हाथ में फूल सौंपने का चुनावी मंत्र बनता रहा है। इसीलिए विसंगतियों की अमानत में हिमाचल अपने रोजगार का मूल्यांकन नहीं कर पाया। हमने रोजगार में सरकारी नौकरी को क्षमतावान बनाया, इसलिए हमारी शिक्षा सीमित और रोजगार फरियादी हो गया। सर्वेक्षण करवाएं तो जो रोजगार पैदा हो रहा है, उसे हम निर्यात कर रहे हैं। हमारी उच्च शिक्षा या उच्च शिक्षा में हिमाचली करयिर की कहानी प्रदेश में शुरू ही नहीं होती। बच्चे चंडीगढ़, दिल्ली, गुडगांव, नोएडा, बंगलुरु, मद्रास, मुंबई या हैदराबाद जैसी जगहों में खुद को साबित करते हैं। या तो हम हिमाचल के मुताबिक शिक्षा का निर्धारण नहीं कर पाए या शिक्षा के प्रसार को हमने रोजगार में नहीं देखा। यह भी एक अजूबा है कि हिमाचल में बाहरी वर्क फोर्स हमारी आर्थिकी का एक बड़ा हिस्सा ले जा रही है। करीब दस लाख बाहरी लोग औद्योगिक, शहरी व व्यावसायिक रोजगार के अवसरों को अपने लिए सुनिश्चित कर रहे हैं। नए अवसर हमने ढूंढे नहीं और न ही आर्थिकी को रोजगार में मजबूत किया। अगर निवेश केंद्र, नए शहर, नए बाजार, पर्यटन के सरोकार और आईटी पार्क विकसित किए होते, तो कमाने–खाने का ढर्रा और जीने की अभिलाषा बदल जाती। आश्चर्य यह कि औपचारिक शिक्षा हासिल करते युवा अब केवल राजनीति के जरिए जीवन को किनारे लगाने का सोच रहे हैं। मसला यह नहीं कि अनुबंध के जरिए सरकारी नौकरी पाना ज्यादा सुरक्षित था या अब जॉब ट्रेनी के हिसाब से पांव जमाना आसान नहीं, बल्कि यह है कि हमने बच्चों को उनकी स्वाभाविक क्षमता व हुनर से दूर कर दिया। यह ऐसा प्रदेश बन गया, जहां 45 वर्ष की आयु तक कोई भी बेरोजगार सरकारी नौकरी का हकदार है। इस थकी हुई क्षमता और हारे हुए अवसर को अगर नौकरी कहते हैं, तो फिर हम सरकारी नौकरी का प्रपंच कर रहे हैं। हमारे पास क्षमता से कहीं अधिक आईआईटी, पालिटेक्निकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, कामर्स व बिजनेस कालेज हैं, लेकिन राज्य के रोजगार में उनकी भूमिका क्या है। विडंबना यह है कि हमारी भागदौड़ ने शिक्षा के उद्धार को सियासी रेहड़ी बना दिया। अब वक्त वास्तविकता को परखने और बेहतर बनाने का है, तो शिक्षा से रोजगार तक सुधार की गुंजाइश को पूरा करना होगा। हम शिक्षा के पाठ्यक्रम को रोजगार के पाठ्यक्रम से नहीं जोड़ पाए, लिहाजा सरकारी नौकरी की तुकबंदी में किए गए प्रयोग आज भी अधूरे हैं। अब जॉब ट्रेनी का आइडिया कितना सफल–कितना निष्पक्ष होगा, इसको लेकर सियासत होगी। सियासत के नाम पर नीतियों की न तो बुनियाद असरदार रही और न ही इनके कार्यान्वयन से कोई उम्मीद परवान चढ़ी। सरकारी नौकरी अब जॉब ट्रेनी के अवतार में हाजिर है। समय के पहिए पुन: घूम रहे हैं, लेकिन कोशिश को उद्देश्यपूर्ण बनाने के तर्क ईमानदार होने चाहिएं। सरकारी कार्यसंस्कृति अपनी हैसियत को नौकरी से ऊपर सुविधा मानती है, तो जॉब ट्रेनी की जवाबदेही का दस्तूर कैसे बुलंद होगा। सरकारी नौकरी का बाजार खोलकर हिमाचल ने कई प्रयोग किए हैं, लेकिन रोजगार के पैमानों में इंकलाब नहीं आया।

## मोनिका डागा



### हरियाली तीज (छोटी तीज)

कविता

बागों में झूला झूले सब हिल मिल नाचे गा?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

माता गौरा के तप से भोलेनाथ हुए थे जब प्रसन्न,
सावन शुक्ल तीज बरसा नभ से अमृत घनन घनन,
हर्षित हो सभी देवी–देवताओं ने भी बरसा? सुमन,
महेश्वर को अति प्रिय तब से हुआ ये माह सावन,
इस हरियाली तीज की महिमा सभी को सुना?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

सोलह श्रृंगार कर पा? शोभा सुंदर जैसे दुल्हन,
उपवास रख करें अपनी परम्पराओं का निर्वहन,
कथा कहकर चित मन करें शिव–शक्ति का पूजन,
मॉ महादेव से आशीर्वाद पाकर होवे सुख सम्पन्न,
अखंड सुहाग का वर शंकर–पार्वती से हम पा?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

झूमके पायल बिछियॉ चूड़ियॉ करें मीठी खनखन,
हरा परिधान व हरित श्रृंगार कर खुश हो? सुहागन,
श्रद्धा से व्रत रख क्वारी भी पा? मनभावन सजन,
सभी करें एक दूसरे का सहर्ष ₹आनंद₹ अभिनंदन,
अनुपम आशीष बड़ों का व छोटों का प्यार पा?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

दिखाकर हाथ सबको खुशी से झूम रहा मन,
आया रंग प्यारा मेहंदी का चटकीला मनहरन,
पति और पत्नी की सूझ–बूझ से खिलता जीवन,
अनूठा प्रेम पवित्र रिश्ता ये पवित्र रस्मों का बंधन,
सप्तपदी के गठबंधन को और भी मजबूत बना?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

बागों में झूला झूले सब हिल मिल नाचे गा?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शुरू की गई नई संरचना वर्ग संरचना को वगीर्कृत करती है

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने देश भर में शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से सीखने के परिणामों और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा क्षेत्र में कई बदलाव किए। 3 साल की उम्र में स्कूल शुरू करने से लेकर लचीले कॉलेज की डिग्री, अनिवार्य शिक्षक योग्यता और भारतीय ज्ञान में निहित नए युग के पाठ्यक्रम, एनईपी 2020 भविष्य के लिए तैयार शिक्षा ढांचे का वादा करता है।*

यहां हर छात्र, माता-पिता और शिक्षक को 6 बड़े बदलाव बताए गए हैं:

1.। मल्टीपल एंट्री और एग्जिट ऑप्शन के साथ 4 साल का अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम एनईपी 2020 ने कई प्रवेश और निकास विकल्पों के साथ नए 3 और 4 वर्षीय स्नातक (यूजी) कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में एक वर्ष के बाद छोड़ने का विकल्प चुनने वाले छात्रों को एक प्रमाण पत्र, 2 साल बाद डिप्लोमा, या 3 या 4 साल के कार्यक्रम के बाद स्नातक की डिग्री से सम्मानित किया जाएगा।

2.। कक्षाएं आयु 3 से शुरू होती हैं पहले की 10 + 2 संरचना में 10 साल की प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा और दो साल की उच्च माध्यमिक शिक्षा शामिल थी। एनईपी 2020 के तहत शुरू की गई नई संरचना वर्ग संरचना को चार श्रेणियों में वगीर्कृत करती है - फाउंडेशनल, तैयारी, मध्य और माध्यमिक।

फाउंडेशनल स्टेज (उम्र 3-8): प्री-स्कूल के 3 साल (उम्र 3-5) और कक्षा 1-2 (उम्र 6-7) शामिल हैं प्रारंभिक चरण (आयु 8-11): कक्षा 3-5 मध्य चरण (आयु 11-14): कक्षा 6-8 माध्यमिक चरण (आयु 14-18): कक्षा 9-12 यह नई संरचना एक बच्चे की विकासात्मक जरूरतों के साथ सीखने को संरेखित करने के लिए डिजाइन की गई है। 3। परख सर्वेक्षण एनईपी 2020 ने परख सर्वेक्षण पेश किया, जिसका उद्देश्य छात्र मूल्यांकन के माध्यम से शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना है। उदाहरण के लिए, सर्वेक्षण यह आकलन करता है कि कक्षा 3 के छात्र कितने प्रतिशत पढ़ और लिख सकते हैं, और कितने 100 रुपये का उपयोग करके एक साधारण लेनदेन कर सकते हैं। यह सर्वेक्षण दिसंबर 2024 में आयोजित किया गया था और परिणाम जुलाई 2025 में जारी किए गए थे, जिसमें कक्षा 3, 6 और 9 में महत्वपूर्ण सीखने की कमी दिखाई गई थी। परख, जो एक राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र है, परीक्षा से संबंधित सुधारों को विकसित करने के लिए स्कूली शिक्षा के बोर्डों के साथ सीधे काम करता है और स्कूलों को छात्रों और शिक्षा के समग्र विकास का समर्थन करने के लिए आवश्यक परिवर्तन करने में मदद करता है।



विजय गर्ग

4। व्यावसायिक शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा में किसी विशेष नौकरी के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल और ज्ञान पढ़ाना शामिल है। 12 वीं पंचवर्षीय योजना में अनुमान लगाया गया था कि 19-24 वर्ष की आयु के केवल 5 प्रतिशत भारतीय छात्रों की व्यावसायिक शिक्षा तक पहुंच थी, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में, संख्या क्रमशः 52, 75 और 96 प्रतिशत थी। एनईपी 2020 का उद्देश्य मध्यम और माध्यमिक स्कूलों में 2025 तक कम से कम 50 प्रतिशत छात्रों के लिए मुख्यधारा की शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों को एकीकृत करना है।

5.। भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर नए पाठ्यक्रम एनईपी 2020 ने माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम पेश किया। इस पाठ्यक्रम में प्राचीन भारत से ज्ञान और आधुनिक भारत में इसके योगदान शामिल हैं। इस नए पाठ्यक्रम को गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन, योग, वास्तुकला, चिकित्सा, कृषि, इंजीनियरिंग, भाषाविज्ञान, साहित्य, खेल, खेल, साथ ही शासन, राजनीति और संरक्षण जैसे विभिन्न विषयों के साथ एकीकृत किया जाएगा।

6। आवश्यक शिक्षण के लिए न्यूनतम 4 साल की डिग्री उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से चार साल के एकीकृत बी.एड. शिक्षक की भूमिका के लिए योग्य बनने का कार्यक्रम। यह चार साल का कार्यक्रम एक दोहरी-प्रमुख होगा, जिसमें स्नातक की शिक्षा और एक विशेष विषय जैसे भाषा, इतिहास, संगीत, गणित, कंप्यूटर विज्ञान, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, कला, शारीरिक शिक्षा आदि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम 2030 तक शिक्षक की भूमिका के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता बन जाएगा।

# लोकतंत्र या लोकतंतर - एक त्रुटि मात्र या गंभीर असावधानी ?

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत ही एक ऐसा अकेला देश है, जहां हजारों की संख्या में भाषाएँ, बोलियां है जो भारत की बेहद खूबसूरत पहचान है, फिर भी उसमें से 22 भाषाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है, यानें सूची में दर्ज है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूँ कि फिर भी हर भाषा बोली का सम्मान भारत में है, यानें अगर किसी भी बोली भाषा में उसका सम्मान, आध्यात्मिकता जातिवाचक या उस समाज की चेतना से जुड़ा कोई शब्द हो व उसे त्रुटि पूर्ण रूप से लिखा या बोला जाए तो, द्वेष बढ़ने की संभावना होगी, जिसमें दंगा दुश्मनी विवाद तक हो सकता है इसलिए सार्वजनिक आंदोलन स्थान बैनरों प्रचार माध्यमों में शब्दों का चयन सोच समझ कर करना चाहिए। मुझे इसका प्रेक्टिकल अनुभव है, मैं एक धार्मिक वर्सीमहोत्सव में बैठा था, वहां देखा कि गायनकर्ता व आयोजनकर्ता अलग-अलग भाषी थे, वहां गायनकर्ता ने एक ऐसा शब्द बोला और उसपर प्रेशर देकर बोल रहा था, जो आयोजनकर्ता समाज की भाषा में गाली थी सब हक्के- बक्के रह गए तो किसी ने गायककर्ता के कान में जाकर इस शब्द का अर्थ बताया तो गायनकर्ता ने अपनी गलती सुधार ली। आज हम शब्दों की सतर्कता की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 24 जुलाई 2025 को मैंने टीवी चैनल पर देखा कि संसदभवन परिसर में कांग्रेस सहित अनेको पार्टियों के बड़े-बड़े फ्रंटलाइन लीडर नेता लोकतंत्रबचाओ आंदोलन कर रहे थे, तो मेरा ध्यान उनके बैनर पर गया जहां लिखा था एसआईआर लोकतंतर पर वार मैं हका- बका रह गया, फिर सोशल मीडिया खोला तो वहां इस घटना पर धूममची हुई थी, इसीलिए मैंने इस विषय को आर्टिकल के लिए चुना। हालांकि 25 जुलाई 2025 को फिर संसद भवन में आंदोलन देखा तो यह त्रुटि ठीक कर बैनर पर लोकतंत्र लिखा था, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकतंत्र या लोकतंतर एक त्रुटि मात्र या गंभीर असावधानी ?




साथियों बात अगर हम संसद भवन परिसर में हुए लोकतंत्र बचाओ आंदोलन में लोकतंत्र की जगह लिखने का प्रभाव और उसके परिणाम की करें तो भारतीय लोकतंत्र की आत्मा ही उसकी जनता में निहित है। जब भी इसकी गरिमा पर आंच आती है, तो देश के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक आवाज उठाते हैं। लेकिन जब इसी लोकतंत्र को बचाने के नाम पर आयोजित आंदोलन में उसके नाम की ही वर्तनी गलत हो जाए-लोकतंत्र के स्थान पर लोकतंतर लिखा जाए-तो सवाल केवल भाषा या व्याकरण का नहीं रह जाता, बल्कि यह चूक प्रतीक बन जाती है गंभीर असावधानी और खोखले नारों की। हाल ही में संसद परिसर में सांसद परिवार द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के बैनर पर हुई ऐसी ही गलती ने राजनीतिक, सामाजिक और भाषाई हलकों में नई बहस छेड़ दी है। राजनीतिक संदेश और उसकी धार कुंदराजनीतिक आंदोलनों में प्रतीक और भाषा ही सबसे बड़े हथियार होते हैं। लोकतंत्र बचाओका नारा सत्ता के विरुद्ध एक गंभीर प्रश्नचिन्ह होता है। लेकिन अगर यही नारा टाइपो की वजह सेलोकतंतर बचाओ बन जाए, तो विरोध की धार कमजोर हो जाती है। राजनीतिक विरोध का प्रभाव इस बात पर भी निर्भर करता है कि वह कितना व्यवस्थित, संजीदा और संगठित दिखता है। बैनर पर ऐसी गलती इस गंभीर आंदोलन को हास्यास्पद बना देती है।



गोंदिया

साथियों बात अगर हम लोकतंत्र बनाम लोकतंत्र यालोकतंतर यह भूल या लापरवाही की करें तो, लोकतंतर बनाम लोकतंत्र-एक भाषाई विश्लेषणहिंदी में तंत्र शब्द का अर्थ होता है-व्यवस्था याप्रणाली। लोक और तंत्र मिलकर बनालोकतंत्रअर्थात जनता की शासन व्यवस्था लेकिन तंतर शब्द का कोई स्वतंत्र या प्रचलित अर्थ नहीं है। ऐसे में लोकतंतरन केवल गलत है, बल्कि भाषा की दृष्टि से एक निरर्थक शब्द है। यह भूल किसी आम कार्यक्रम में होती, तो शायद चर्चा तक नहीं होती। पर यह आंदोलन लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर आयोजित किया गया था। और इसी का नाम ही विकृत हो जाए, तो यह विडंबना नहीं तो और क्या है ?, भूल या बेपरवाही ?जब देश की सबसे बड़ी संवैधानिक संस्था-संसद के सामने कोई राजनीतिक प्रदर्शन होता है, तो उससे जुड़े हर प्रतीक, हर शब्द और हर भाव का विशेष महत्व होता है। ऐसे में लोकतंत्र जैसा भारी-भरकम शब्द अगर लोकतंतर बन जाए, तो यह सामान्य टाइपो नहीं मानी जा सकती। यह या तो तैयार करने वालों की अज्ञानता दशार्ता है या फिर गंभीर लापरवाही। साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया पर आलोचना व्यंग्य सहित तीखी प्रतिक्रिया की करें तो, इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लोगों ने लोकतंतर को लेकर मीम्स बनाए, वीडियो बनाए और व्यंग्यात्मक टिप्पणियों से इस आंदोलन की गंभीरता पर सवाल उठाए। विपक्षियों को भी बैठे-बिठाए एक मुद्दा मिल गया, जो लोग लोकतंत्र की रक्षा की बात कर रहे हैं, उन्हें उसकी सही स्पेलिंग तक नहीं आती। इस गलती ने सीधे-सीधे कांग्रेस पार्टी और उससे जुड़े सांसद परिवार की छवि पर चोट पहुंचाई है। आंदोलन जितना महत्वपूर्ण था, उतनी ही जरूरी थी उसकी पेशकश की परिपक्वता। देश के जागरूक वर्ग ने यह सवाल भी उठाया कि क्या आज के राजनेताओं की भाषा, ज्ञान और प्रस्तुतिकरण पर इतना कम ध्यान रह गया है कि वे देश के मूल विचारों के साथ भी ऐसी असावधानी बरतते हैं ? साथियों बात अगर हम क्या यह अज्ञानता की निशानी है ? और भविष्य के लिए सबक सीखने की करें तो, यह सवाल अहम है, क्या यह गलती मात्र एक टाइपिंग एरर थी या फिर यह दशार्ता है कि आज का राजनीतिक नेतृत्व भाषा, विचार और संवैधानिक शब्दावली के प्रति कितना सजग या लापरवाह हो गया है ? जब नेताओं से भाषण, बैनर और संवाद की अपेक्षा की जाती है, तब यह जरूरी है कि वे न्यूनतम भाषाई योग्यता और सजगता प्रदर्शित करें। इस गलती से यह संदेश गया कि आज के जनप्रतिनिधि न तो आत्मनिरीक्षण कर रहे हैं और न ही तैयारी। भविष्य के लिए सबक, यह घटना सभी राजनीतिक दलों के लिए एक चेतावनी है कि वे केवल नारेबाजी से नहीं, बल्कि पूरी तैयारी, ज्ञान औरजागरूकता के साथ सामने आएं। (1) प्रस्तुति की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। (2) भाषाई शुद्धता को प्राथमिकता दी जाए। (3) प्रत्येक आंदोलन या विरोध की विश्वसनीयता उसमें दिखने वाली गंभीरता से तय होती है लोकतंत्र की रक्षा केवल भाषणों, विरोध और आंदोलनों से नहीं होती, बल्कि उस सोच, भाषा और व्यवहार से होती है जिसमें वह व्यक्त होता है। लोकतंतर जैसा गलत शब्द केवल एक टाइपिंग मिस्टेक नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सोच में आई चूक का प्रतीक बन गया है। इसे केवल व्याकरण की भूल समझकर टालना नहीं चाहिए, बल्कि इसे आत्ममंथन का अवसर बनाना चाहिए कि क्या हम वाकई उस मूल भावना की रक्षा कर रहे हैं जिसे हम बचाना कहते हैं? अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि लोकतंत्र या लोकतंतर एक त्रुटि मात्र या गंभीर सावधानी ?संसद परिसर में आयोजित लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के बैनर पर स्पेलिंग मिस्टेक ने राजनीतिक सामाजिक भाषाई क्षेत्रों में नई बहस छिड़ी, जब कोई शब्द संविधान राजनीति आध्यात्मिकता या जनता की चेतना से जुड़ा हो तब उसमें एक मामूली सी त्रुटि भी व्यापक बहस का विषय बन जाती है।

**संसद परिसर में आयोजित लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के बैनर पर स्पेलिंग मिस्टेक ने राजनीतिक सामाजिक भाषाई क्षेत्रों में नई बहस छिड़ी**

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज ने शर्बतपुर गाँव में ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं के साथ हर्षोल्लास से मनाई हरियाली तीज

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर द्वारा सरबतपुर गाँव में हरियाली तीज का पारंपरिक उत्सव ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ मिलकर बड़े हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता, लोकगीत गायन, हरित परिधान प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें गाँव की महिलाओं और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ और महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह उत्सव सरबतपुर गाँव के सामुदायिक केंद्र में दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक आयोजित हुआ।कॉलेज निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा हरियाली तीज हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और नारी शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने बताया संस्थान का उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा देना नहीं, बल्कि समाज से जुड़कर गाँवों में महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना भी है। ऐसे आयोजन हमें सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हैं और हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजते हैं।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे: मेहंदी प्रतियोगिता, जिसमें महिलाओं ने सुंदर पारंपरिक डिजाइन बनाकर अपनी कलात्मकता का परिचय दिया। लोकगीत प्रस्तुति, जिसमें स्थानीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।हरित वस्त्र प्रतियोगिता, जिसमें प्रतिभागियों ने पारंपरिक हरे परिधानों में सजीव रंग भर दिए।कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। ग्रामीण महिलाओं ने कॉलेज के इस प्रयास की सराहना की और अनुरोध किया कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी होते रहें।इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती भावना सैनी, सरकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री साक्षी, संस्थान के शिक्षकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, छात्र-छात्राएँ और गाँव के अनेक निवासी उपस्थित रहे।

# फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी शिवाला कला में एक रंग-बिरंगी और सृजनात्मकता से भरपूर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक भारतीय संस्कृति को जीवंत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों की कलात्मक क्षमता को बढ़ावा देना था, बल्कि उनमें सांस्कृतिक जागरूकता, धैर्य, एकाग्रता और सजगता जैसे गुणों का विकास करना भी था। मेहंदी लगाना भारतीय परंपरा का अहम हिस्सा है, जो त्योहारों और उत्सवों में सौंदर्य के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक लाभ भी प्रदान करता है।इस आयोजन में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्कूल के एक्टिविटी इंचार्ज एवं कोऑर्डिनेशन प्रभारी सुलभ चौहान द्वारा किया गया। जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए आयोजन को उत्कृष्ट बनाया। निर्णायक मंडल में विद्यालय की चेयरपर्सन कल्याणी चौहान एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा रहें। विद्यालय के एम.डी. संघर्ष चौहान, प्रधानाचार्य ए.के. शर्मा तथा उप-प्रधानाचार्य अनुराग यादव ने प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रतियोगिता में कलाम हाउस प्रथम स्थान ,रमन हाउस द्वितीय स्थान और आर्यभट्ट हाउस तृतीय स्थान पर रहा,बोस हाऊस चतुर्थ स्थान पर रहा। इस प्रकार मेहंदी प्रतियोगिता ने छात्रों को एक नया अनुभव दिया, जो उनकी रचनात्मकता, परंपरा और आत्मविश्वास को और अधिक मजबूत करेगा।

# तन मन धन से भोले की सेवा में सहयोग प्रदान करें संजीव सक्सैना

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा पवित्र श्रावण मास में भमरौआ बाबा की कृपा से कावंरियां स्वरूप भगवान भोलेनाथ की सेवा भंडारे के रूप में की जा रहीं हैं।

समिति के अध्यक्ष संजीव सक्सैना ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी श्रावण मास में भोले बाबा की सेवा की जा रहीं हैं। मुरादाबाद रोड कोसी पर जीरो प्वाइंट पर भगवान भोले बाबा की कृपा से अखंड भंडारा चल रहा हैं। अगले सप्ताह एक से तीन अगस्त में भी भंडारे की सेवा की जायेगी। उन्होने महानुभवों से अपील करते हुए कहा कि वह अपना तन मन और धन से भोले की सेवा में सहयोग प्रदान करें और भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करें। महानुभव समय से पधान कर भोले रूप में पधारे और भोले बाबा की सेवा करें। संजीव सक्सैना ने बताया कि समिति द्वारा हर साल श्रावण मास में भोले के भक्तों की निस्वार्थ सेवा करती हैं। समिति के सभी सदस्य इस माह के हर सप्ताह के तीन दिन मुरादाबाद हाइवे पर भंडारे का आयोजन करती हैं जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर भंडारे का आनंनद लेते हैं और भोले के जय कारों से पूरा समां बांध देते हैं।

# कारगिल विजय दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन,वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान को किया गया याद ...

**वेलकम इंडिया**



**कुमारगंज, अयोध्या ।** नगरपंचायत कुमारगंज के चंद्रबली सिंह उर्मिला महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शौर्य और पराक्रम के प्रतीक कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके अदम्य साहस को याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रबली सिंह रहे। मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने अपने संबोधन में कहा, ₹26 जुलाई का दिन भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। आज के दिन सन 1999 में हमारे वीर सैनिकों ने कारगिल की दुर्गम चोटियों पर घुसपैठ करने वाले दुश्मनों को खदेड़कर 'ऑपरेशन विजय' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया था। उन्होंने कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, राइफलमैन संजय कुमार और ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव जैसे वीर सैनिकों की बहादुरी का उल्लेख करते हुए कहा कि इन नायकों ने अपने बलिदान से इतिहास रच दिया। विधायक ने आगे कहा, इन शहीदों की शहादत हमें हमारी स्वतंत्रता और सुरक्षा की कीमत याद दिलाती है। यह दिन हमें प्रेरणा देता है कि हमें अपने देश के लिए हमेशा समर्पित रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि चंद्रबली सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ₹कारगिल विजय दिवस केवल एक युद्ध में मिली जीत का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे सैनिकों के अदम्य साहस, निस्वार्थ बलिदान और देशभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिक हर पल हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं, और हमें उन पर गर्व है। उन्होंने ने युवाओं से अपील की कि वे सैनिकों के बलिदान से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए आगे आएं। कारगिल युद्ध भारतीय सेना की जीत का प्रतीक है। इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़कर देश की संप्रभुता की रक्षा की थी। संगोष्ठी में उपस्थित सभी लोगों ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद करते हुए देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने किया। इस अवसर पर कुमारगंज मण्डल अध्यक्ष अमरेंद्र मौर्य, मिल्कीपुर मण्डल अध्यक्ष श्याम नारायण पाठक, अमानीगंज मण्डल अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय तिवारी, बंशीधर शर्मा, सर्वेश तिवारी, सुनील तिवारी, जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी, राकेश प्रताप सिंह, कृपाशंकर मिश्र, संतोष सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, वेद प्रकाश मौर्य, दिनेश पाण्डेय, अरुण गोस्वामी, शांति देवी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नेता व नागरिक उपस्थित रहे।

# एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




नूरपुर : राजा का ताजपुर के निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के विश्वसनीय एवं प्रसिद्ध एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य टीकम सिंह तथा राजन राजपूत ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों की शानदार प्रस्तुति से सभी के मन में देश प्रेम की लहर दौड़ उठी। कार्यक्रम में छात्रों और छात्राओं ने कारगिल युद्ध के दौरान घटित होने वाले तथ्यों को भी बताया। कार्यक्रम का आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा आयोजित नाटक 'सीमा से पत्र' रहा। जिसको देख कर साथ ही मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अत्यधिक आकर्षक डिजाइन बनाये। सभी प्रतियोगियों में सर्वश्रेष्ठ का चयन करना निरीक्षकों के लिए कठिन हो गया। अंततः ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम हाउस को प्रथम स्थान, सरदार भगत सिंह हाउस को द्वितीय स्थान, तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल हाउस और सुभाष चंद्र बोस हाउस को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्रदान किया गया। विजेताओं को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रिंस कुमार राणा ने किया।

# नारी शक्ति संगठन की महिलाओं ने हरियाली तीज का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर :** नारी शक्ति संगठन की बहनों ने मिलकर संगठन की महामंत्री शिवानी चौहान के आवास पर हरियाली तीज का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। सर्वप्रथम सभी बहनों ने मिलकर माँ दुर्गा की प्रतिमा को प्रणाम कर माल्यार्पण कर चरणों में पुष्प अर्पित किये तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया !

इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने हरियाली तीजोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन माता पार्वती जी ने भगवान भोलेनाथ को कई हजार साल की कठोर तपस्या के बाद पति रूप में प्राप्त किया था।तभी से सभी सुहागिन स्त्रियां व्रत रखकर बयाना निकालकर माता पार्वती जी एवं भोलेनाथ जी से अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती हैं। कार्यक्रम में श्रावण मास से संबंधित प्रश्नमंच, विभिन्न प्रकार के गेम, बूझो तो जाने, एक्टिंग करके दिखाना, हरियाली तीज के गीत, भजन, नृत्य आदि आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल, निधि वर्मा, राखी अग्रवाल, वंदना गुप्ता, मंत्री संतोष, रिंकी मसीह, करुणा अग्रवाल, शिखा गुप्ता, मनीषा गुप्ता, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मिडिया प्रभारी माही मसीह, सदस्य शिवानी शर्मा, अलका विश्नोई, पूनम शर्मा, ममता मित्तल, सुनीता शर्मा, अमिता, अंशु बिश्नोई, अमिता चौधरी, आँचल, संगीता, जस्मीत, लता धीमान, वाणी, शैलजा अरोरा, सरिता सैनी, कमलेश, खुशबू, रीतू आदि बहनें उपस्थित रही।

# पत्रकारों पर बढ़ते हमले बर्दाश्त से बाहर- राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर, पत्रकारों को मिले पर्याप्त सुरक्षा और चिकित्सा लाभ, अगली रणनीति को लेकर लिए गए बड़े फैसले, पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है परंतु पिछले कुछ समय से पत्रकारों पर हमले की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं और अब तो इतना साहस हो गया है कि पत्रकार कार्यालय पर ही हमला बोला जाने लगा है जो की बहुत ही निंदनीय है , ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता है, ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने रामपुर में बात कहीं। इससे पहले दिल्ली से मेरठ पहुंचे ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी का रामपुर जिला अध्यक्ष पत्रकार शाहबाज खां, पत्रकार परवेज खां, पत्रकार असीम अजीज, पत्रकार सैफी निजामी साहब,पत्रकार नदीम मियां ,पत्रकार नवाज खां, पत्रकार इमरान खां, पत्रकार शारिक खां, आदि ने भव्य स्वागत किया । इसके उपरान्त संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अम्बेडकर पार्क मूड फूड रेस्टुरेंट पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी एवं संचालन पत्रकार परवेज खां ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि मेरठ में एक पत्रकार कार्यालय पर हमले की सूचना मिली थी जिसका संगठन कड़े शब्दों में निंदा करता है , यह हमला केवल एक अखबार के कार्यालय पर नहीं अपितु पत्रकार जगत पर हुआ और जिसने भी यह हमला करवाया है उसको कानूनी रूप से सख्त जवाब दिया जाएगा। संगठन उक्त संस्था के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहेगा । संगठन के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने आगे कहा कि आज पत्रकार कहीं भी सुरक्षित नहीं है पहले एक समय था की सच बोलने और लिखने वाले का सम्मान किया जाता था लेकिन आज सच बोलने और लिखने वालों पर गोली चला दी जाती है। संगठन पत्रकार साथियों की सुरक्षा एवं उनकी चिकित्सा लाभ के लिए शीघ्र ही संबंधित मंत्रियों से मिलकर इस पर तेजी से कार्य करने की मांग करेगा ।

# गंगापुर सिटी नगर परिषद में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल, अनुमति दो मंजिल की, बिल्डिंग बना दी नौ मंजिला : राजा भईया



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय प्रमुख हिन्दुस्तान शिवसेना, मो –9811371054 9818951279

**वेलकम इंडिया**

**(गंगापुर सिटी)-** भ्रष्टाचार और मिली भगत का बड़ा खेल देखना है तो सवाई माधोपुर जिले की गंगापुर सिटी तहसील में देखिए, यह तहसील कुछ महीनों पहले जिले के रूप में जानी जाती थी परन्तु अब इसे जिले का दर्जा समाप्त कर फिर से तहसील बना कर राज्य सरकार ने सवाई माधोपुर जिले में शामिल कर दिया है, हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने एक बार फिर यहां के नगर परिषद आयुक्त और अन्य संबंधित जिम्मेवार अधिकारियों की मिलीभगत एवं भ्रष्टाचार को उजागर करते हुऐ सनसनी खेज खुलासा तथ्यों सहित किया है साथ ही साथ इस बाबत जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, सभापति, आयुक्त नगर परिषद गंगापुर सिटी एवं थाना उदेई मोड़ के थाना प्रभारी को लीगल नोटिस भेजे हैं, आज पत्रकारों को सभी दस्तावेजों की और भेजे गए लीगल नोटिसों की तथा अवैध रूप से बनाई जा रही इस इमारत की फोटो साझा करते हुऐ राजा भईया ने बताया कि ग्राम उदेई कलां कर्मचारी कालोनी गंगापुर सिटी स्थित भूखंड संख्या खसरा नं 5732 जो कि रंगलाल मीना और उनकी पत्नी सुमन देवी के नाम पर दस्तावेजों के अनुसार है जिसका एरिया 2140.33 स्क्वायर फुट एवं 198.91स्क्वायर मीटर है और वर्तमान में इस अवैध भूखंड में आकाश कोचिंग सेंटर के नाम से एक ट्यूशन सेंटर संस्थान भी चलाया जा रहा है, नगर परिषद गंगापुर सिटी के तत्कालीन आयुक्त द्वारा पत्रांक संख्या 423, दिनांक 06/10/2023 रंगलाल मीना एवं पत्रांक संख्या 425 दिनांक 11/10/2023 सुमन देवी के नाम से जारी कर उपरोक्त एक ही भूखंड को आवासीय एवं व्यवसायिक प्रयोजनार्थ दर्शाते हुए दो अलग अलग नक्शो सहित मात्र भू तल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल के निर्माण की स्वीकृति/इजाजत उपरोक्त दोनों भू खंड स्वामियों के नाम दी थी लेकिन वर्तमान में उपरोक्त भू स्वामियों ने नगर परिषद के वर्तमान आयुक्त एवं अन्य जिम्मेवार सम्बंधित अधिकारीयों की मिलीभगत एवं भ्रष्टाचार के चलते तमाम नियम कायदों को ताक पर रखते हुए इस भू खंड पर लगभग नौ मंजिला अवैध इमारत बना कर खड़ी कर दी है भ्रष्टाचार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक ही भू खंड की ग्राउंड, फस्ट एवं सैकेंड फ्लोरो को आवासीय और व्यवसायिक दोनों घोषित कर दिया गया? पूर्व में की गई शिकायतों के बावजूद इस अवैध बन रही इमारत पर और इसके मालिकों पर तथा संबंधित नगर परिषद के जिम्मेवार अधिकारियों पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है ना ही इस अवैध निर्माण को रुकवाया गया है ?आखिर इतना बड़ा गोरख धंधा आखिर किस की शह पर चलाया जा रहा है ? और नगर परिषद के वर्तमान आयुक्त एवं सम्बंधित जिम्मेवार अधिकारी आखिर क्यों आंखे मूंदे बैठे हैं ? राजा भईया ने बताया कि इस अवैध बन रही इमारत से क्षेत्र में कभी भी कोई बड़ा हादसा अथवा अनहोनी हो सकती है भू खंड स्वामियों के पास ना तो फायर विभाग की एनोसी है ना ही पर्यावरण विभाग की एनोसी है और ना ही नगर परिषद द्वारा जारी कंप्लीशन प्रमाण पत्र है और ना ही आठ नौ मंजिला भवन निर्माण की स्वीकृति है बावजूद इसके सारे आम नियम कानूनों को ठेंगा दिखाते हुए इतने बड़े पैमाने पर यह अवैध निर्माण किया जा रहा है और इसमें कोचिंग संस्थान भी चलाया जा रहा है, जहां रोज सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं आती हैं,

इससे साफ स्पष्ट है कि यहां भ्रष्टाचार और मिलीभगत का बोल बाला है, राजा भईया द्वारा भेजे गए नोटिस में उपरोक्त सभी अधिकारियों को पंद्राह दिवसों का समय देते हुए इस अवैध निर्माण पर और संबंधित जिम्मेवार अधिकारियों के विरुद्ध तुरंत कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही करने तथा इस भूखंड के स्वामियों के विरुद्ध भी ऋकफ दर्ज करा कर कानूनी कार्यवाही करने और इस भूखंड को तत्काल सील कर इसका पट्टा निरस्त करने की मांग की है वर्ना उपरोक्त सभी अधिकारियों एवं भूखंड स्वामियों के विरुद्ध संबंधित एवं सक्षम न्यायालय में आपराधिक एवं सिविल मुकदमे डालने और माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में रिट पेटिशन डालने की भी चेतावनी दी है, अब ये तो आने वाला समय ही बताएगा कि राजा भईया की यह मेहनत कितना रंग लाती है और किस किस के विरुद्ध क्या क्या कार्यवाहियां होती हैं।



# समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान मान स्तंभ दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अखिलेश यादव जी के निदेर्शानुसार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की अध्यक्षता मे रॉयल पाम बैंकट हॉल चांदपुर रोड बिजनौर पर संविधान मान स्तंभ दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में माननीय संजय लाठर जी ( पूर्व एमएलसी ) व विशिष्ट अतिथि के रूप मे माननीय अरविन्द गिरी जी प्रदेश अध्यक्ष युवजन सभा रहे ? जहां समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकताओं ने उनका फूल मालाएं डालकर स्वागत किया इस दौरान कार्यक्रम में सपाईयो ने मंच से संबोधित करते हुए कहा की आने वाले 2027 के चुनाव मे अभी से जी जान लगाकर जुट जाने का आह्वान करते हुए कार्यकताओं में जोश भरा इस दौरान नेताओं ने कहा कि जो गलती वर्ष 2022 के चुनाव मे सपा कार्यकर्ताओ से हुई है वह आगे नहीं होगी कभी-कभी पार्टी के अंदर चल रही गुट बाजी से भी पार्टी को बड़ा नुकसान झेलना पड़ता है जनता सपा सरकार के किए गए रिकॉर्ड तोड़ विकास के कार्य को याद कर रही है साथ ही इंतजार कर रही है कि कब चुनाव आए और हम अपना कीमती वोट देकर एक बार फिर प्रदेश के भविष्य की चिंता करने वाले अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएं इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक शेख सुलेमान नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा सांसद प्रत्याशी जज मनोज कुमार चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश विधायक हाजी तस्लीम पूर्व विधायक नईमुउलहसन सपा जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन पूर्व जिला अध्यक्ष सलमान कुरेशी ठाकुर अमित चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन सतपाल सिंह सपा युवा नेता अखलाक उर्फ पप्पू जिला कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर खान सपा नेता मेहमूद कस्सार आदि उपस्थित रहे ।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर के आदेशा आनुसार महिला थाना रामपुर में किया गया परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर विद्यासागर मिश्र के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के पर्यवेक्षण में महिला थाना रामपुर में प्रभारी निरी0 अनु तोमर महिला परामर्श प्रकोष्ठ की अध्यक्षता में किया गया परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया । जिसमें पति पत्नी के विवादो में काउंसलिंग करायी गयी । इस दौरान अनुभवी परामर्शदाता/काउन्सलर अवतार सिंह, नीना साहनी, परवेज खां, श्रीमति अलका जैन उपस्थित रहे ।

काउंसलिंग के दौरान 14 प्रकरणों को समिति द्वारा सुने गये जिसमें 01 प्रकरण में समझौता हो गया, 06 प्रार्थना पत्र निरस्त हुए, एक प्रकरण में एफ.आई.आर., 01 प्रा0पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु विधिक न्यायालय प्रेषित तथा 05 प्रा0पत्र में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है ।

# अवैध हथियार ले जाते हुये थाना हाजा का हिस्ट्रीशीटर इनामी बदमाश रामभरत को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान।** पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर विकास सांगवान आईपीएस व मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर के निर्देशन तथा राजेश शर्मा आरपीएस सीओ वृत्त मनिया के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी रामकिशन यादव पु.नि. के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर पुलिस टीम द्वारा 10,000 रुपए का इनामी व थाना हाजा के हिस्ट्रीशीटर रामभरत को एक अबैध कट्टा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।दिनाकं 25.07.2025 को मुखविर खास से सूचना मिली कि डिडवार रोड पर एक व्यक्ति अबैध हथियार लेकर डिडवार की तरफ जा रहा है। उक्त सूचना पर थाना हाजा से टीम गठित कर वीरेन्द्रसिहं एएसआई, जीतेन्द्रसिहं कानि. 297, जोरमल कानि. 1149 को रवाना किया गया।पुलिस जाब्ता के देखकर आरोपी ने खेतों की तरफ भागने की कोशिश की वीरेन्द्रसिहं एएसआई मय टीम ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आरोपी का करीब 200 मीटर पीछा कर पकडा। जिसकी तलाशी लिए जाने पर आरोपी रामभरत के कब्जे से एक अबैध कट्टा 315 बोर को जब्त किया गया। वीरेन्द्रसिहं एएसआई मय जाब्ता ने मुल्जिम रामभरत पुत्र यशपाल जाति ठाकुर उम्र 24 साल निवासी देवखेडा थाना राजाखेडा जिला धौलपुर को मय अबैध एक कट्टा 315 बोर के गिरफ्तार कर अभियोग धारा 3/25,5 (1) क/25 (1) क आर्मस एक्ट में दर्ज किया जाकर मुल्जिम को वाद अनुसन्धान पेश न्यायालय किया जाकर पेश न्यायालय किया गया। गिरफ्तारशुदा मुल्जिम रामभरत थाना हाजा हिस्ट्रीशीटर व मुल्जिम रामभरत पर जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा 10000/- रुपए का इनाम घोषित था। गिरफ्तारशुदा मुल्जिम रामभरत थाना हाजा के अन्य प्रकरण में भी वांछित चल रहा है जिसमें प्रथक से न्यायालय से प्रोडक्शन वारन्ट पर प्राप्त किया जावेगा।इलाका थाना में आपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही जारी है।

# भोलो की रहा को आसान बनाने में जुटे सीओ, व थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के कोतवाली देहात।श्रावण कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। कांवड़ यात्रा में किसी भी तरह की कोई बाधा न आए इसके लिए उनकी हर पहलू पर पैनी नजर बनी हुई है। दरअसल प्रवेज कुमार का मानना है कि श्रद्धा से भरे भोलो को उनके थाना क्षेत्र में किसी भी तरह की समस्याया का सामना न करना पड़े, इसके लिए उन्होंने अपने दायरे से अलग हटकर भी सेवाभाव से कार्य करना शुरू कर रखा है। आपको बतादे की श्रावण मास की कांवड़ यात्रा का पर्व चल रहा है, इस यात्रा में बड़ी संख्या में गैर जनपद ही नहीं बल्कि दूर दराज से कावड़ियों की कोतवाली देहात थाना क्षेत्र की सीमा से आवा जाही रहती है। आस्था की नगरी हरिद्वार और वहां से अपनी श्रद्धा के अनुसार पूजा पाठ करते हुए गंगाजल के साथ वापस कोतवाली देहात थाना क्षेत्र की सीमा से होते हुए अपने गांव क्षेत्र जिले को रवाना होंगे।इसी के मद्दे नजर थानाध्यक्ष ने सुरक्षा की कमान संभालते हुए हर उस पहलू पर पैनी नजर बनाई हुई है जिससे श्रद्धा से भरे भोलो को किसी भी तरह की कोई समस्या का सामना न करना पड़े।नगर क्षेत्र में इस बात की भी खूब चर्चा हो रही है कि थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार अपने अधिकार क्षेत्र से अलग हटकर भी वह कार्य करते दिखाई दे रहे हैं। उनकी नजर है वही सड़क के दोनों और गहरे गड्ढे और उनकी सफाई को लेकर भी वह बेहद फिक्रमंद है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार का यह अंदाज कोतवाली देहात शहर में खूब सुर्खियां बटोर रहा है

# अमर शहीद अमित सिंह की समाधि पर पहुंचकर मनाया कारगिल विजय दिवस

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व सैनिकों के साथ अमर शहीद अमित सिंह की समाधि पर पहुंचकर मनाया कारगिल विजय दिवस कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भागूवाला मंडल के भाजपा कार्यकताओं ने नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम अमानुल्लापुर उर्फ गढ़वाला निवासी अमर शहीद स्वर्गीय अमित कुमार की समाधि पर पहुंच कर अमर शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर पूर्व सैनिक मनोज कुमार ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश को विश्व की सबसे शक्तिशाली सेवा का गौरव प्राप्त है हमारी सेना के जवानों में देश भक्ति की भावना कूट-कूट भारी होती है हमारे सैनिक देश की रक्षा सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से कभी पीछे नहीं हटते हैं हमें सदैव देश की सेवा के साथ खड़े होना चाहिए उनका वह उनके परिजनों का सम्मान करना चाहिए नरेंद्र मोदी जी की सरकार में सैनिकों के हाथ बहुत अधिक मजबूत हुए हैं सैनिकों का मनोबल बढ़ा है इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल एवं जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सुधीर भुईयार ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आदेश अनुसार आज भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में अमर शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि देकर परिजनों को सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हमें दैनिक जीवन में भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम जो भी सहयोग सम्मान सैनिक के परिवारों का कर सकते हो वह करना चाहिए हम सब सैनिकों के शौर्य शक्ति पराक्रम अदम्य साहस के कारण की सुरक्षित है आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अमर शहीद अमित कुमार की पूज्य माताजी श्रीमती शशि देवी, भाई सुमित कुमार, भाभी मीनाक्षी देवी, ताऊ जी श्री ओमप्रकाश सिंह एवं कारगिल युद्ध में प्रतिभा करने वाले सेवानिवृत्ति वायु सैनिक श्री मनोज कुमार को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर पूर्व नौ सैनिक रविंद्र काकरान, पवन शर्मा, अनिरुद्ध कुमार, की उपस्थिति में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, चौधरी ईशम सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, जिला मंत्री तरुण राजपूत, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सुधीर कुमार भुईयार, महामंत्री कपिल राजपूत, सचिन देशवाल,जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, अरविन्द विश्वकर्मा, महबूब मलिक, मयंक चौहान, नरपाल सिंह, रोहिताश सिंह, मुकेश अग्रवाल, योगेश भुईयार, संजीव भुईयार,चौधरी योगेंद्र सिंह,तासिम राईन, ग्राम प्रधान प्रशान्त चौधरी, जयपाल राजपूत संजीव राठी आदि ने शहीद अमित सिंह की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** बीती रात दुधारा थाना क्षेत्र के गांव बौलिया सेमरियावां में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता की सूचना पर मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना रूधौली बस्ती के कुमौना निवासी संतराम पुत्र भददू लोधी ने दुधारा थाना को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि मेरी लड़की रिंकी( 28 ) की शादी राकेश पुत्र किशुन के साथ दस वर्ष पूर्व हुई थी जिससे कोई संतान नहीं है।दिनांक 26 जुलाई की रात 1 बजे सूचना दिया कि रिंकी ने घर के अंदर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। लड़की की मौत संदिग्ध है। थानाध्यक्ष इन्द्रभूषण सिंह ने कहा कि सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

थाना रूधौली बस्ती के कुमौना निवासी संतराम पुत्र भददू लोधी ने दुधारा थाना को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि मेरी लड़की रिंकी( 28 ) की शादी राकेश पुत्र किशुन के साथ दस वर्ष पूर्व हुई थी जिससे कोई संतान नहीं है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में गोष्ठी का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुरादाबाद से एमएल सी पूर्व सांसद सत्यपाल सैनी रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक दूल्हेरा एवं दीपक ऋषि ने संयुक्त रूप से किया।

सदर विधायक प्रदीप चौधरी डिबाई विधयक सी पी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी सत्यपाल सैनी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए बताया कारगिल की बर्फीली चोटियों पर जब दुश्मन ने नजर उठाई, तब मां भारती के वीरों ने अपने शौर्य से उन्हें मिट्टी में मिला कर विषम परिस्थितियों में भी विजय पताका लहरायी। कारगिल विजय दिवस पर उनके अदम्य साहस, अतुलित बल और शौर्य को प्रणाम। उनका सर्वोच्च बलिदान यह कृतज्ञ राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा। कारगिल युद्ध में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद भारतीय सैनिकों ने अतुलनीय पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ कर भगा दिया कारगिल युद्ध में हमने अपने कई वीर सैनिकों को खो दिया हम अमर शहीदों और भारतीय सेना को कोटि-कोटि नमन करते हैं। गोष्ठी में जिला महामंत्री संतोष बाल्मीकि, भवतोष गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष दीपक दुल्हेरा, कुलदीप चौधरी, ठाकुर ललित सिंह, गौरव मित्तल, अभिनव वर्मा, मृदुल शर्मा, भाजपा पदाधिकारी समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में पहुंची मात्र चार शिकायत



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी** ।थाना समाधान दिवस में चार शिकायत दर्ज की गई।तहसीलदार ने मौके पर टीम भेज कर चारों शिकायतों का निस्तारण कराया।शनिवार को थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।समाधान दिवस में तहसीलदार सतीश यादव के द्वारा पीड़ित लोगों की शिकायत सुनी गई।गांव जिडाना निवासी इस्लाम पुत्र सीदा ने शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोस के ही लोग उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं, गांव गढ़ी श्याम निवासी किसान देवेंद्र पुत्र रमेश चंद्र ने बताया कि पड़ोस के ही लोग उसकी मेड को काटकर अपने खेत में मिल लेते हैं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा शाहपुर निवासी मनप्रीत पुत्र प्रमोद ने बताया कि वह अपने नाना के घर गांव आल्दी आया था। आरोप है कि पीड़ित के मामा ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दी। वही गांव मलकपुर निवासी इसरान पुत्र अलमदीन ने बताया कि पड़ोस के ही किसान पीड़ित के खेत की ओर जाने वाले रास्ते पर कब्जा कर रहे हैं।तहसीलदार सतीश यादव ने मौके पर राजस्व विभाग की टीम भेज कर चारों शिकायतों का निस्तारण कराया।

# रालोद नेताओं ने किया कौशल बस यात्रा का शुभारंभ




**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** क्षेत्र के कस्बा एलम में रालोद विधायक अशरफ अली खान एवं प्रसन्न चौधरी ने संयुक्त रूप से कौशल विकास मंत्रालय की ओर से कौशल रथ से सुसस्जित कौशल बस का फिता काटकर संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय लोक दल के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा एलम नगर पंचायत में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की प्रेरणा से संचालित कौशल विकास मंत्रालय की ओर से कौशल रथ छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर की बेसिक ट्रेनिंग के लिए भेजी गई कंप्यूटर से सुसज्जित कौशल बस का सदर विधायक प्रसन्न चौधरी थानाभवन विधानसभा से राष्ट्रीय लोक दल के विधायक अशरफ अली खान ने संयुक्त रूप से फिता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल लगातार गरीब ,मजदूर, किसान एवं छात्र-छात्राओं के हित के लिए कार्य कर रही है।

कौशल बस छात्र-छात्रा की शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए कई जनपदों से गुजरेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष वाजिद अली, राजन जवाला, सतवीर पवार, अश्वनी पवार, योगेंद्र पवार, सुबोध भारतीय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा-2023 को सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों सेंट थामस स्कूल खलीलाबाद, राज ग्लोबल एकेडमी खलीलाबाद, हीरा लाल रामनिवास इण्टर कालेज खलीलाबाद, जी0आर0 एकेडमी देवदण्ड महानपुर-माधोपुर खलीलाबाद, हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरैया बाईपास तिराहा खलीलाबाद, ब्लूमिंग बड्स एकेडमी मुखलिसपुर रोड खलीलाबाद का निरीक्षण किया गया।उन्होंने बताया कि जनपद के अन्तर्गत 19 केन्द्रों पर प्रातः 09.30 बजे से 12.30 बजे तक कराया जाना प्रस्तावित है, जिसमें कुल 8304 परीक्षार्थी शामिल होगें। अधिकारीद्वय द्वारा उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करानें/शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न विभागों के अधि0/कर्मचारीगण को शासन द्वारा जारी दिशा निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह जनपद में बने परीक्षा केंद्रों में से मौलाना आजाद इण्टर कॉलेज खलीलाबाद, पी0बी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज खलीलाबाद की तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस अवसर पर केन्द्र व्यवस्थापक/प्रधानाचार्य मौलाना आजाद इण्टर कॉलेज खलीलाबाद युनूस खान, केन्द्र व्यवस्थापक/प्रधानाचार्य पी0बी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज सुमन त्रिपाठी, सह केन्द्र व्यवस्थापक सहित आदि उपस्थित रहे।

# विश्व फुटबॉल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर ननिहाल में जश्न

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** खंड विकास क्षेत्र के गांव ढूढार में नवासे दक्ष पंवार के डेनमार्क में आयोजित विश्व फुटबॉल प्रतियोगिता भारत से टीम में गोल कीपर के रूप मे बेहतर प्रदर्शन कर टीम को विश्व विजेता बनाने को लेकर ननिहाल में जश्न मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। शनिवार को नगर के पूर्वी यमुना नहर स्थित अरुण कुमार के आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान प्रीतम सिंह ढूढार ने बताया कि 13 वर्षीय नवासा दक्ष पंवार चंडीगढ़ मिनर्वा स्कूल की और से अंडर 14 विश्व फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए डेनमार्क गया था। जहां पर दक्ष ने गोलकीपर के रूप में मजबूत व तेज तरार भूमिका का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को मजबूती प्रदान की। टीम ने दाना कप के लियेब खिताब अपने नाम कर लिया। मिनर्वा की अंडर-14 टीम दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित युवा टूनामेंटों भारत की पहचान करा दी है। लगातार दो अंतरराष्ट्रीय खिताब के साथ मिनर्वा ने प्रतिभा और टीम वर्क दिखाते हुए वर्ल्ड मैप पर जगह बनाई है। फाइनल मैच में टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। पूरे मैच में दक्ष व टीम का दबदबा रहा और उन्होंने गोल करने का मौका नहीं दिया। माल्टा की टीम पूरी तरह से पीछे रही और मिनर्वा ने लगातार गोल किए।टीम का खेल के हर पहलू पर दबदबा रहा। टीम ने मिडफील्ड एरिया पर दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बताया कि दक्ष की टीम ने टूनामेंट में 110 गोल दागे और सिर्फ.1 गोल खाया। इससे एक विरासत स्थापित हुई। जिसके चलते मिनर्वा की टीम चैंपियन घोषित हुई। टीम के गोलकीपर दक्ष के बेहतर प्रदर्शन को लेकर ननिहाल में खुशी का माहौल बन गया। गांव गांव ढूढार व नगर में लड्डू बाटकर नावसे दक्ष की बड़ी उपलब्धि पर जश्न मनाया गया। इस दौरान अरुण अरोड़ा, तरुण सैनी, राजपाल, लोकेश, सुनील,रमेश, सेठपाल, अनिल, गौरव,ईशम सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# एस पी ग्रामीण, एसडीएम गोवर्धन, सीओ गोवर्धन ने हरियाली तीज के दृष्टिगत ब्रीफिंग कर दिए दिशानिर्देश

वेलकम इंडिया

**मथुरा/बरसाना।** दिनांक 26.07.2025 को कस्वा बरसाना मे श्री राधारानी मन्दिर पर मनाये जाने वाले हरियाली तीज के पर्व को लेकर सुरेश चंद्र रावत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, उपजिलाधिकारी गोवर्धन, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह के द्धारा दिनांक 27.07.2025 को श्री राधारानी मन्दिर पर मनाये जाने वाले हरियाली तीज के पर्व के दृष्टिगत अधिकारी कर्मचारीगण व अन्य विभागो के साथ हरियाली तीज के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । ब्रीफिंग में विनोद कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक बरसाना तथा अधिशासी अधिकारी बरसाना भी




उपस्थित रहे हरियाली तीज के पर्व पर की गयी व्यवस्था का विवरण रुट चार्ट श्री राधारानी मन्दिर प्रवेश मार्ग हरियाली तीज कस्बा बरसाना दिनांक 27.07.2025 थाना बरसाना मथुरा

श्रीजी गेट/म्यारो प्यारो बरसाना गेट से कटारा तिराहा/सैल्फी प्वाइन्ट होते हुये संजय वकील तिराहा से सुदामा चौक मे बडी वाली सीढी से दादी बाबा मन्दिर से बडी सिंहपौर से सफेद छतरी से मन्दिर मे प्रवेश होगा । रुट चार्ट बडी परिक्रमा हरियाली तीज कस्बा बरसाना दिनांक 27.07.2025 थाना बरसाना मथुरा कस्बा बरसाना मे गोवर्धन रोड , छाता रोड , नन्दगाँव रोड व अन्य प्रवेश मार्गो से आने वाले दर्शनार्थी/श्रद्धालुगण बडी परिक्रमा हेतु प्रारम्भ स्थल (एल्ल३१८ स्त्रङ्णल्ल३ ) गोवर्धन रोड थाना मोड से सीएचसी तिराहा से गुजराती कालौनी तिराहा से चिकसौली तिराहा से चिकसौली रोड से दोहनी कुण्ड से रस मण्डप , ग्राम मानपुर होते हुये माताजी गौशाला/मान मन्दिर तिराहा से राधाबाग कालौनी से मोहन निकुन्ज तिराहा से पीली कोठी रोड से श्रीजी गेट से मन्दिर प्रवेश मार्ग ।

# नफरतों का खेल खेलने वालों को सफल नहीं होने देंगे : बाबू सिंह कुशवाहा

वेलकम इंडिया



**झांसी।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के मार्गदर्शन में आयोजित आरक्षण दिवस को संविधान मान स्तम्भ दिवस के रूप में पीडीए को एकजुट कर शनिवार को एक जन सभा आयोजित कि गई । कार्यक्रम जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह भोजला की अध्यक्षता में बस स्टैंड रोड पर स्थित कुंज वाटिका विवाह घर में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान बताया गया कि यह दिन संविधान की आत्मा को बचाने का संकल्प है। यह कार्यक्रम जनविरोधी साज़िशों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान तथा पीडीए एकता को और मजबूत बनाने का संकल्प है। संविधान मान स्तम्भ एवं आरक्षण दिवस कार्यक्रम के संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि ऐतिहासिक अवसर पर हम सब मिलकर संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूत करना है उन्होंने कहा इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फूले जी द्वारा संकल्पित ह्यआरक्षणह्न कोल्हापुर के परम आदरणीय-अनुकरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज जी अपने कोल्हापुर राज्य में लागू करके, आरक्षण का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अजय सूद, संत सिंह सेरसा, सुदेश पटेल, महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम, बुन्देलखण्ड प्रभारी जन अधिकार पार्टी कालीचरण कुशवाहा, सलीम खानजादा, अरविंद वशिष्ठ, अस्फान सिद्दीकी , सीताराम कुशवाहा, श्रीमती दीपाली रायकवार, अबरार अली, परमानंद कुशवाहा ने विचार व्यक्त किए। चौधरी असलम शेर, अजय अतरौली, जाहिद खान,राकेश श्रीवास, विश्व प्रताप सिंह, आरिफ खान,एड.रामकुमार कुशवाहा पाडरी, दयाराम कुशवाहा मुखिया,एड.सुरेश कुशवाहा अध्यक्ष कुशवाहा समाज, मनमोहन कुशवाहा टांकोरी, मनोज कुशवाहा जिला प्रभारी,विजय बच्चा सिंह, अनस मकरानी, सोहेब मकरानी, हर्षवर्धन, विक्रम खटीक, अयान अली, सैयद अली, सुहेल, अनुराग, मोनू यादव, मयंक यादव, नासिर सलमानी, रोहित पारिछा, स्वदेश यादव, विजय झासिया, राजेश यादव, श्रीमति सीमा श्रीवास्तव, राकेश यादव, हरिओम कुशवाहा, धर्मेंद्र यादव, हरिओम कुशवाहा आदि ।

## श्री शिव शक्ति इंडियन पब्लिक स्कूल में हेड बॉय और हेड गर्ल का चुनाव हुआ संपन्न




वेलकम इंडिया

**मथुरा।** शनिवार को सेही दलोता मार्ग पर स्थित श्री शिव शक्ति इंडियन पब्लिक स्कूल में हेड बॉय और हेड गर्ल के लिए चुनाव संपन्न हुए। सोमवार से शुरू हुई प्रक्रिया शनिवार के दिन मतदान के साथ संपन्न हुई ।सोमवार को कक्षा दश के 6 बालक बालिकाओं द्वारा नामांकन किया गया तथा उसी दिन शाम को नाम वापसी तथा मंगलवार को सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह प्रदान किए गए। फिर सभी उम्मीदवारों द्वारा बच्चों को अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए चुनाव प्रचार किया गया। सोमवार दिनांक 28/ 7/25 को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में कक्षा दशम के गुंजित अग्रवाल, विष्णु, लखन सिंह रिया सिसोदिया ,तमन्ना तथा राखी ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की ।बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस पूरी प्रक्रिया में भाग लिया। प्रधानाचार्य प्रमोद सिसोदिया ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधि से बच्चों को संसदीय प्रक्रिया तथा देश की लोकतंत्र को समझने में सहायता मिलती है ।इस प्रक्रिया को समझ कर बच्चों को संसदीय व्यवस्था से जोड़ने का मौका मिलता है। चुनाव संपन्न कराने में ओमप्रकाश शर्मा, तेजपाल सिंह, आरती शर्मा, गोपाल शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

# हरियाली तीज पर स्वर्ण-रजत हिंडोले में भक्तों को दर्शन देंगे ठाकुर जी

वेलकम इंडिया

**मथुरा/वृंदावन।** स्वर्ण-रजत जड़ित हिंडोले में विराजमान ठाकुर बांके बिहारी को भक्त आस्था की डोर से झोटे देंगे। हरियाली तीज पर देश-दुनिया के लाखों भक्त आराध्य बांकेबिहारी की एक झलक पाने को उतावले दिखाई देंगे। साल में एक बार होने वाले इस आयोजन का गवाह बनने के लिए श्रद्धालु इंतजार कर रहे हैं। श्रावण मास शुक्लपक्ष की तृतीया (हरियाली तीज) 27 जुलाई को है। इस दिन आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी जी का स्वर्ण-रजत निर्मित हिंडोले की चमक श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी जी मंदिर में झूलनोत्सव की परंपरा संगीत शिरोमणि स्वामी हरिदास ने शुरू की थी। उस दौर में




स्वामीजी लता-पताओं के बने हिंडोले में लाडले बांके बिहारीजी को प्रेम की डोर से झूला झुलाते थे। समय बदला और आराध्य के भक्तों की आस्था जागी तो उन्हें स्वर्ण रजत तैयार करवाने का संकल्प लिया। इसी के साथ ठाकुरजी के लिए दिव्य और भव्य हिंडोला बनवाने के लिए बनारस के कारीगर लल्लन व बाबूलाल को लगाया गया। जिन्होंने पांच साल की कड़ी मेहनत के बाद ठाकुरजी के अद्भुत हिंडोला को तैयार कर मंदिर को समर्पित कर दिया। शीशम की लकड़ी के बने इस झूले में एक लाख तोले चांदी व दो हजार तोले सोने लगा है। झूले में सोने की आठ परतें चढ़ाई गई है। विशाल झूले के समान कोई अन्य झूला संपूर्ण विश्व में कहीं नहीं है। स्वर्ण हिंडोले के 130 भाग हैं। इनको अलग-अलग करके जोड़ा जाता है। झूले के सभी भागों के रखरखाव के लिए उनमें स्टैंड बने हैं। इन भागों को रुई से भरे कपड़े में संभाल कर रखा जाता है। इस झूले में आकर्षक फूल-पत्तियों के बेल-बूटे, हाथी, मोर आदि बने हुए हैं। वर्तमान में हिंडोले की कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। इस मौके पर लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन करेगें।

# सिविल डिफेंस की बैठक हुई आयोजित




वेलकम इंडिया

**झांसी।** सर्किट हाउस झांसी में सिविल डिफेन्स की आयोजित बैठक के दौरान श्री धर्मवीर प्रजापति मान. राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उ. प्र. होमगार्ड एवं सिविल डिफेन्स का नागरिक सुरक्षा कोर के प्रभारी/नगर मजिस्ट्रेट प्रमोद झा एवं चीफ वार्डन तथा कमाण्डिंग आफिसर आनन्द कुमार सक्सेना द्वारा मंत्री जी को बुके, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की श्रृंखला में जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड हरिशंकर चौधरी, डिप्टी चीफ वार्डन शील कोपरा, वरि. सहा.उपनियन्त्रक सुनील सिंह, डिवीजनल वार्डन कोतवाली विनय सिजरिया, डिवी. वार्डन नगरा भूपेंद्र पाल खत्री, डिवी. वार्डन रिजर्व अतुल अग्रवाल किलपन, डिप्टी डिवी. वार्डन संदीप गुप्ता, स्टाफ आफिसर टू डिवी. वार्डन अनूप वर्मा सहित दोनों प्रखण्डो के आईसीओ, पोस्ट वार्डन, सेक्टर वार्डन एवं फायर फाइटर द्वारा भी मौ मंत्री जी को बुके एवं माल्यार्पण भेंट कर स्वागत किया गया।

# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने तीन चोर गिरफ्तार किए

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर चलाए जा रहे। सघन चेकिंग अभियान के दौरान गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने तीन शातिर किस्म के अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार चोरों ने अपने नाम मुंशी पुत्र गणेशी निवासी जाटों वाली थाना बछरायूं अमरोहा, जयसिंह पुत्र रामकिशोर निवासी सागर वेली गजरौला गोपाल पुत्र राम प्रसाद निवासी मीरा रेती कस्बा गढ़मुक्तेश्वर बताए हैं। इनके निशान देही पर एक तमंचा 315 बोर मय जिंदा कारतूस, चोरी किए गए 1280 रुपए की नगदी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मंदिर का दीपक, घंटी एक-एक मूर्ति माता कृष्ण भगवान की एक मोबाइल लावा कंपनी का बरामद की गई है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी नीरज कुमार का कहना है कि गिरफ्तार चोर अंतर्जनपदीय शास्त्री किस्म के चोर हैं जिनके विरुद्ध गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे विभिन्न धाराओं में पंजीकृत हैं।

# जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** विकास खंड ऊंचागांव क्षेत्र के अमरगढ़ में स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में शनिवार को कॉलेज की अध्यापिका लक्ष्मी एवं अध्यापिका शैली अध्यापक दीपांशु (पीटीआई )के नेतृत्व में एक मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई अध्यापिका लक्ष्मी का कहना है कि यह मेंहदी प्रतियोगिता हरियाली तीज के उपलक्ष्य में कराई गई है जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया जवाहर ज्योति इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने कहा कि ऐसी छोटी छोटी



प्रतियोगिता हम समय समय पर कराते रहते हैं और हम बच्चों का मार्गदर्शन करते रहते हैं एवं हम सभी छात्र एवं छात्राओं को खेल के सभी प्रारूपों में ले जाने का प्रयास करते हैं जिससे बच्चे प्रतियोगिताओ में अपना नाम और अपने कॉलेज का नाम रोशन कर सकें इस अवसर पर कॉलेज का समस्त अध्यापक स्टाफ मौजूद रहा।

# मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र में स्थित नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज दरावर में शनिवार को कॉलेज की अध्यापिका भावना एवं अध्यापिका ज्योति के नेतृत्व में एक मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं में रिया कक्षा दस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रमिला कक्षा दस ने द्वितीय और राधिका कक्षा आठ में तृतीय स्थान प्राप्त किया अध्यापिका भावना का कहना है कि यह मेंहदी प्रतियोगिता हरियाली तीज के उपलक्ष्य में कराई गई है जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर




भाग लिया नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज दरावर की प्रधानाचार्य रचना गुप्ता ने कहा कि ऐसी छोटी छोटी प्रतियोगिता हम समय समय पर कराते रहते हैं और हम बच्चों का मार्गदर्शन करते रहते हैं एवं हम सभी छात्र एवं छात्राओं को खेल के सभी प्रारूपों में ले जाने का प्रयास करते हैं जिससे बच्चे प्रतियोगिताओ में अपना नाम और अपने कॉलेज का नाम रोशन कर सकें इस अवसर पर कॉलेज का समस्त अध्यापक स्टाफ मौजूद रहा।

## वरिष्ठ पत्रकार आर के दुबे बने भारतीय मीडिया महासंघ के उ प्र संगठन प्रभारी

वेलकम इंडिया



**झांसी ।** वरिष्ठ पत्रकार आर के दुबे बने भारतीय मीडिया महासंघ के उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र खरे के निर्देशन तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुल्तान आब्दी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साबिर मलिक व राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शशि गुप्ता की संस्तुति पर की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय मीडिया महासंघ झांसी जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा ने बताया कि आर के दुबे पत्रकारिता के क्षेत्र में एक सशक्त और जागरूक आवाज के रूप में वर्षों से सक्रिय हैं। संगठन को विश्वास है कि वे अपने अनुभव, कर्मठता और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। नव-नियुक्त उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी आर के दुबे ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नियुक्ति मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक ज़िम्मेदारी भी है। मैं संगठन के सिद्धांतों और दिशा-निदेर्शों का पूरी निष्ठा से पालन करते हुए, झांसी जनपद में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करूंगा।आर के दुबे को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। सोशल मीडिया से लेकर पत्रकार जगत में इस नियुक्ति को लेकर हर्ष व्याप्त है। कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने भी उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# मसूरी गुलावटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में लगा फैक्ट्री रजिस्ट्रेशन और उत्पादकता प्रमाण पत्र कैंप

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के धौलाना प्रदेश सरकार के एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मसूरी गुलावटी रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र के प्रशासनिक भवन में फैक्ट्री रजिस्ट्रेशन और उत्पादकता प्रमाण पत्र के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया।क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा ने जानकारी दी कि कैंप में उद्यमियों के दस्तावेजों की गहन जांच कर पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा कराया गया। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि सभी सक्रिय औद्योगिक इकाइयों का पूरा ब्योरा शासन स्तर पर दर्ज हो, ताकि उन्हें योजनाओं व सरकारी प्रोत्साहन का सीधा लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य से फैक्ट्री रजिस्ट्रेशन और उत्पादकता प्रमाण पत्र अब अनिवार्य कर



दिए गए हैं ।एमजीआरआईडब्ल्यूए अध्यक्ष दीपक शर्मा व सचिव धीरज तोमर ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप शिविर में उद्यमियों ने अपने मूल दस्तावेज, भूखंड आवंटन पत्र, चालू उत्पादन स्थिति, श्रमिकों की संख्या समेत अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए।इस अवसर पर एन. एन. मिश्रा (अध्यक्ष, एमजीआरआईए), कृपांशु गुप्ता (निदेशक फैक्ट्री गाजियाबाद/हापुड़), सर्वेश सिंह (सहायक श्रम आयुक्त), लेबर इंस्पेक्टर उषा वर्मा, धीरज तोमर (उपाध्यक्ष), सचिव सुदीप चौधरी, संस्थापक ए. के. गुप्ता, अजय सिंह, घनश्याम अग्रवाल, अनुज जैन, मोहित सिंह, नितिन गोयल, उद्योग व्यापार बंधु वैलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष आशु सिंघल समेत दर्जनों उद्यमी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तेज रफ़्तार ऑटो खराब खड़े ट्रक में घुसा दो यात्रियों की मौत तीन घायल



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

हापुड़/पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर पर खराब खड़े ट्रक में एक तेज रफ़्तार ऑटो के घुसने पर हुए सड़क हादसे में दो यात्रियों की मौके पर हुई मौत तीन गंभीर रूप से हुए घायल। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती। आपको बता दें कि जनपद में तेज रफ्तार कहर हमने का नाम नहीं ले रहा है जिसके चलते सड़क हादसों में प्रत्येक मा दर्जनों की संख्या में लोग मौत के आगोश में समा जाते हैं। ऐसा ही एक मामला पिलखवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर पर खराब खड़े ट्रक में हापुड़ से सवारियां लेकर पिलखुवा जा रहा एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसा जिसमें हापुड़ निवासी 62 वर्षीय कुसुम, मेरठ निवासी 21 वर्षीय फैसल की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई ।वहीं सागर, आस्था, और उनका बेटा दक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू करते हुए घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# गोवा फोटोग्राफी वर्कशॉप में मध्यप्रदेश के युवा फोटोग्राफर संजय कुमार प्रजापत को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान

**वेलकम इंडिया**




मध्यप्रदेश के युवा फोटोग्राफर संजय कुमार प्रजापत ने अपनी फोटोग्राफी प्रतिभा से राष्ट्रीय मंच पर शानदार छाप छोड़ी है। हाल ही में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय फोटोग्राफी वर्कशॉप में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रसिद्ध फोटोग्राफर धर्मेन्द्र शर्मा और सृष्टिईजी और क्रिएटिव टीम द्वारा सम्मानित किया गया। यह वर्कशॉप 18 से 21 जुलाई तक गोवा में आयोजित हुई, जिसमें देशभर से 105 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संजय कुमार का चयन मध्यप्रदेश से हुआ था। कार्यक्रम में भारत के अग्रणी फोटोग्राफी मेंटर्स – साजन मदान, नीरज विश्वकर्मा और रमेश छाबड़िया द्वारा ड्रोन फोटोग्राफी, सिनेमैटोग्राफी और एआई एडिटिंग जैसे आधुनिक विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान संजय ने अपनी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल से सबको प्रभावित किया। उनके बेहतरीन योगदान पर उन्हें शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संजय कुमार इससे पहले थाईलैंड, नेपाल, नैनीताल, मनाली और रायपुर जैसे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं और कई बार सम्मानित हो चुके हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए संजय ने बताया, ❝गोवा में आयोजित इस वर्कशॉप ने न सिर्फ मुझे फोटोग्राफी के नए आयाम सिखाए, बल्कि देशभर के फोटोग्राफरों के साथ संवाद का अनमोल अवसर भी प्रदान किया। यह अनुभव मेरे करियर के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा। संजय की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, मित्रों और फोटोग्राफी जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।

# वृक्षारोपण कर रहे व्यक्ति को ततैयों ने काटा

**बागेश्वर**, वन विभाग द्वारा कराए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक व्यक्ति को ततैयों ने डंक मार दिया।ततैयों के झुंड के हमले के बाद व्यक्ति को इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाए जहां व्यक्ति का अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ चंद्रमोहन भैसोड़ा द्वारा इलाज किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के आधार पर आरक्षित वन क्षेत्र में वन कर्मियों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा था, तभी वृक्षारोपण के दौरान अचानक ततैयों के झुंड ने गणेश दत्त भट्ट पुत्र देवी दत्त 52 वर्ष पर हमला कर दिया।ततैयों ने शरीर मे कई स्थानों पर काट दिया।जिससे वे ततैयों के दंश के बाद घायल हो गए,जिसके बाद वन कर्मी तत्काल उन्हें जिला अस्पताल में लाए जहां ने काटा,जिला अस्पताल में चल रहा इलाज,प्राप्त जानकारी के आधार पर व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनके स्वास्थ्य में सुधार है।

# शिवा पाठशाला में कारगिल विजय दिवस की 26 वीं वर्षगांठ मनाई, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति




**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के नगर में कारगिल युद्ध में सैनिकों की बहादुरी व बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां पेश की गई जिसके अन्तर्गत डांस ,क्विज ,नाट्य प्रस्तुति तथा देशभक्ति गान आयोजित किए गए। बच्चों ने भारत माता की जय के नारे लगाए तथा भारतीय वीरों के अदम्य साहस व शौर्य को नमन भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा देशभक्ति नृत्य से की गई। शिक्षकों के द्वारा बच्चों को कारगिल नायकों की शौर्य गाथा का वर्णन भी किया गया।पाठशाला की प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल ने बताया कि हमें वीर योद्धाओं के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की खातिर अपना जीवन बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।इस मौके पर शिक्षिका नीतू नारंग, डॉ हरजीत कौर, सुमन, सोनम आदि मौजूद थी।

# गिट्टी से भरा ट्रक पलटा, ड्राइवर और खलासी ने कूद कर बचाई जान

**संजीव कुमार गुप्ता**



**ढेबरुआ/ सिद्धार्थनगर।** मुहचोरवा घाट के पास एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। गिट्टी से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ट्रक के अनियंत्रित होने पर ड्राइवर ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक को पलटते देख खल्लासी ने भी समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना के समय ट्रक में गिट्टी लदी हुई थी। अचानक अनियंत्रित होने के कारण ट्रक सड़क के किनारे बने गड्ढे में जा पलटा। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

# कांशीराम कालोनी में चला विशेष सफाई अभियान



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** शहरी क्षेत्र में शनिवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कांशीराम आवास कालोनी में ईओ अजय सिंह के निगरानी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका के महिला पुरूष सफाई कर्मचारियों ने नालियों की सफाई करते हुए पटरियों की सफाई की और कूड़ा करकट को कूड़ा वाहन में उठाकर शहर के बाहर फेका गया व सैनिटाइजर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। ईओ अजय सिंह ने सफाई अभियान का निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ईओ अजय सिंह ने बताया कि संचारी रोग अभियान के दौरान सफाई और फागिंग के साथ डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है। इस दौरान जहां जल भराव मिल रहा है, वहां फागिंग कराने के साथ ही साथ जल भराव को खत्म करने के उपाय भी किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस मौके पर सफाई इंस्पेक्टर सूरज कुमार, अरुण, अजय प्रताप सिंह, अमर नाथ त्रिपाठी, शिवनाथ, अश्विनी साहू आदि सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# मिसेज एशिया की सफलता के बाद विजयता सचदेवा फिल्म में इंट्री करेंगी

**वेलकम इंडिया**



वाराणसी से रहने वाली मिसेज एशिया विजयता सचदेवा सिर्फ मिसेज एशिया का खिताब ही नहीं बल्कि अपने ताज और पद की जिम्मेदारी को समझते हुए अपने प्रोफेशन से लेकर सामाजिक कार्यों से जुड़े कार्यों को निस्वार्थ रूप से बखूबी निभाया है मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जिन्होंने लगातार मॉडलिंग किया है और जिन्हें कई प्रतिष्ठित पदों के लिए भी आमंत्रित किया गया है इसके अलावा मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने दमदार मॉडलिंग किया चाहे वो दमदार हो या कमर्शियल हिट, अपनी पीढ़ी की सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक अलग स्थान के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अब वह आगाज एंटरटेनमेंट के साथ एक एक्शन-कॉमेडी अवतार में कदम रख रही हैं, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और उम्मीदें दोनों बढ़ गई हैं। मॉडलिंग उनकी दमदार उपस्थिति ने पहले ही तहलका मचा दिया है काफी सुर्खियाँ बटोरी थीं।

मिसेज एशिया विजयता सचदेवा इस वक्त अपने करियर के शिखर पर हैं और अब वही स्टार पावर और चमक इस नई एक्शन-कॉमेडी की घोषणा में भी देखने को मिलेगी।

# फायर टीम की तत्परता से सड़क मार्ग पर गिरे -विशालकाय पेड़ को हटाकर मार्ग को किया सुचारु



**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर,दफौट मोटर मार्ग में मोहननगर, तूनेडा रोड पर एक विशालकाय पेड़ अचानक सड़क पर भरभराकर मोटर मार्ग पर गिर गया।गनीमत रही कि तब सड़क पर कोई वाहन नही चल रहा था, पेड़ गिरने के बाद मोटर मार्ग में आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया था।मामले की सूचना मिलते ही एफएसओ गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। जिसके बाद तत्काल कर्मियों ने कटर मशीन की मदद से पेड़ को काटकर मार्ग को खुलवाया।

# सीबीएसई नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता 1 अगस्त से एमआईईटी स्कूल में होगी

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** मवाना रोड स्थित एमआईईटी पब्लिक स्कूल आगामी 1 अगस्त 2025 से चार दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 शूटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इस महत्त्वपूर्ण प्रतियोगिता की जानकारी स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दी गई। स्कूल की प्रिंसिपल रूपाली सहगल ने बताया कि प्रतियोगिता में सीबीएसई देहरादून और नोएडा रीजन से संबद्ध प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। देहरादून रीजन के तहत उत्तराखंड के 11 जिलों और नोएडा रीजन के तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों से कुल 252 स्कूलों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उत्तराखंड से हरिद्वार, हल्द्वानी, नैनीताल, देहरादून, रुद्रपुर, खटीमा, रुड़की जैसे जिले शामिल हैं, जबकि नोएडा रीजन में बुलंदशहर, बरेली, शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, आगरा, गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बिजनौर, बागपत, सहारनपुर, हापुड़ आदि जिले शामिल हैं। सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अब तक 1200 से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। प्रतियोगिता सचिव विजित चौधरी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर एयर पिस्टल श्रेणियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले होंगे। नामांकन प्रक्रिया 31 जुलाई से शुरू होगी और प्रत्येक दिन औसतन 300 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। स्कूल परिसर में तैयार की गई दो शूटिंग रेंजों में कुल 30 टारगेट लगाए गए हैं। डिजिटल सुइस स्कोरिंग सिस्टम की मदद से स्कोरिंग पूरी तरह से ऑटोमेटिक और पारदर्शी होगी। वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल ने जानकारी दी कि बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के आवास, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा और परिवहन की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना संस्थान की प्राथमिकता है। इस अवसर पर चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, प्रिंसिपल रूपाली सहगल, वाइस प्रिंसिपल एकता सक्सेना, आयोजन सचिव विजित चौधरी, शूटिंग कोच आकाश और मीडिया प्रमुख अजय चौधरी उपस्थित रहे।

# सिंभावली क्षेत्र में ड्रोन कैमरा उड़ाने की अफवाह चलते कई निर्दोष लोग भीड़ की पिटाई का हो चुके शिकार, मारपीट करने वाले अज्ञात 30 से 40 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन कैमरे उड़ने को लेकर अफवाहों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। लोगों में संदिग्ध ड्रोन कैमरे को लेकर भय का माहौल उत्पन्न है। जिसके चलते कई निर्दोष लोग सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर खुडलिया, बक्सर, सुभाष विहार कॉलोनी रेलवे रोड सहित कई जगह अफवाह के चलते लोगों के द्वारा मारपीट का भी शिकार हो चुके हैं। जबकि प्रशासन लगातार लोगों से अपील कर रहा है। की अफवाह ना फैलाएं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी उसके उपरांत भी अफवाहों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण 25 जुलाई की रात्रि में कस्बा बक्सर में एक मानसिक रूप से पीड़ित युवक के साथ ग्रामीणों के द्वारा मारपीट की गई। वही दूसरा मामला 26 जुलाई 2025 को रेलवे रोड सुभाष विहार कॉलोनी में एक युवक जिसका नाम सुफियान पुत्र वकील निवासी सरूरपुर के साथ मारपीट की गई। और पुलिस के सुपुर्द किया गया। जिसमें पुलिस ने 30 से अज्ञात 40 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन कैमरे उड़ने को लेकर अफवाहें न फैलाने की पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा एवं थाना प्रभारी सुमित तोमर के द्वारा अपील की गई है कि किसी भी अंजान निर्दोष व्यक्ति के साथ मारपीट ने की जाए। संदिग्ध व्यक्ति प्रतीत होने पर उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को तुरंत दी जाए।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली, लूटी हुई बाइक - नकदी और हथियार बरामद

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने शुक्रवार रात हाईवे पर चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इस पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से लूटी गई मोटर साइकिल, 4300 रुपए नकद, अवैध तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि धनेटा से झुमका तिराहे की ओर हाईवे पर दो युवक हथियारों के साथ संदिग्ध बाइक पर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी अवधेश सिंह के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि दूसरा आरोपी विष्णु कश्यप को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने दोनों के पास से एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा व 2 खोखा कारतूस, एक नाजायज चाकू, लूटी गई स्प्लेंडर प्लस बाइक (काली रंग की), 4300 रुपए नकद बरामद किए है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम सतुईया पट्टी के रहने वाले हैं और हाईवे पर मारपीट कर लूट व छिनैती की कई घटनाओं में शामिल थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि 20 जुलाई को हाईवे पर एक युवक से बाइक और मोबाइल लूटा था। करीब एक माह पूर्व ट्यूलिया अंडरपास पर एक महिला से कुंडल छीनकर 10 हजार में बेचा था। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं, जिनमें 307, 309, 351, 317, 318 बीएनएस व आर्म्स एक्ट की धाराएं शामिल हैं।

# सड़क में सोलिंग निर्माण कार्य मे अवैध रूप से पत्थरों का प्रयोग होने से नाराजगी

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** राजकीय इंटर कालेज बागेश्वर से मजियाखेत -त्यूनरा मोटर मार्ग में सोलिंग कार्य में ठेकेदार द्वारा खुलेआम अन्यत्र स्थान से पहाड़ी से खनन कर अवैध रूप से सड़क में सोलिंग कार्य हेतु लाए जा रहे निर्माण सामग्री का अब विरोध शुरू होने लगा है। सोलिंग कार्य हेतु फिसलन वाले सफेद पत्थर युक्त कमजोर पत्थरों को सोलिंग हेतु जगह जगह एकत्रित किया गया है, स्थानीय निवासियों और नारायण देव वार्ड के सभासद ने भी सड़क निर्माण के दौरान लाए गए पत्थरों पर अनियमितता का आरोप लगाया है।जिसको लेकर उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई और अवैध खनन कर कहा से खुलेआम डंफर और ट्रेक्टर ट्रालियों में कैसे पत्थरों को लाया गया इसको लेकर भी सवालिया निशान उठाते हुए प्रशासन पर लापरवाही बरतने और अवैध रूप से गुणवत्ता विहीन पत्थरों को खुलेआम लाने पर खनन विभाग और जिला प्रशासन की लापरवाही बताते हुए ठेकेदार को खुला संरक्षण देने के आरोप लगाए हैं।उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में विभाग और सम्बन्धित ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई और अवैध खनन सामग्री को जब्त कर ठेकेदार पर कानूनी कार्यवाही करने की अपील की है।कहा कि सोलिंग के नाम पर लगाए जाने वाले पत्थरों को विभाग द्वारा ऊंचे दामों पर स्टोन क्रशर से रमन्ने दिखाकर अन्यत्र से दिखाए जाते हैं,सफेद कमजोर फिसलन युक्त पत्थर तथा मिट्टी बिछाई जा रही है। जबकि वह अवैध है। सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं तथा जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। सभासद सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से मामले में जांच कमेटी गठित करनेऔर खुलेआम कैसे अवैध तरीके से अवैध पत्थरों का भंडारण किया गया इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।वही लोगों ने कहा कि मामले की पूर्व में शिकायत के बाद भी खनन विभाग और प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही की गई,इसको लेकर समाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई विशेषज्ञ गोपाल बनवासी ने भी मामले में खुलेआम उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अवैध खनन होने के बाद भी कार्रवाई नही होने को इसे लापरवाही समझते हुए जल्द जांच कमेटी गठित नहीं करने औ? लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों का किया गया सम्मान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर रेलवे रोड स्थित सेठ जी की धर्मशाला में एक गरिमामयी संगोष्ठी एवं वीर सैनिकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश के वीर जवानों के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस को नमन करते हुए उनकी अमर गाथाओं को याद करने हेतु आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहित बेनीवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की वीरता को स्मरण करते हुए देश की रक्षा में सैनिकों के योगदान को नमन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता चैनपाल सिंह जिलाध्यक्ष, भाजपा ने की। दिनेश सिंहल पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा तथा विनोद वैशाली चेयरमैन, नगर पालिका परिषद मंच पर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की विजयगाथा को विस्तार से प्रस्तुत किया तथा वीर सैनिकों के सम्मान में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संगोष्ठी के पश्चात क्षेत्र के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन, युवा कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और युवाओं में राष्ट्र सेवा की प्रेरणा जागृत करना रहा। इस मौके पर स्वदेश जैन, राजेंद्र वाल्मीकि, नवेन्द्र गौड, अमित चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, आकाश शर्मा, परमिंदर आर्या, मनोज शर्मा, हिमाशु शर्मा, ललित त्यागी, कृष्ण राज सैन, बलराज सिंह गुज्जर, सप्पू गुज्जर, देवराज शर्मा, आशीष कश्यप, संजय चौधरी, पिंकी चौधरी, नीरज तेवतिया, निशा जयसवाल, कुसुम निगम, दुर्गेश, पुष्पा शर्मा, रोहित खटिक, मुकेश चौहान, नवीन जयसवाल, राकेश कर्दम आदि लोग उपस्तिथ रहे।

# आरकेजीआईटीएम संस्थान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं शिक्षा में मार्गदर्शन प्राप्त किये

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद( अनिल वशिष्ठ)।** इजीनियरिंग संस्थान अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज ने राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जिससे संस्थान को इंजीनियरिंग की शिक्षा में एक बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। दोनों संस्थानों में शिक्षा की पहुँच को बढ़ाने का यह एक रणनीतिक कदम है। अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज, जो कि एक मूल्यवान शिक्षा के लिए क्षेत्रीय नोडल केन्द्र के रूप में मान्यता प्राप्त कर चुका है, ने राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट संस्थान को एक मूल्य शिक्षा प्रकोष्ठ स्थापित करने और भविष्य में एक नोडल केन्द्र बनाने के लिए तैयार करने में मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस सहयोग के तहत पूरा मार्गदर्शन, नीतियां, सर्वोत्तम अभ्यास, विषयवस्तु साझा करना आदि सार्वभौमिक मानव मूल्यों (यू०एच०वी०) में एक मजबूत आधार बनाने में मदद करने के लिए अनुभवी संसाधन एवं व्यक्तियों को तैनात करेगा। इस समझौता ज्ञापन पर ए०के०जी०ई०सी० के निदेशक प्रो० (डॉ०) हेमन्त आहूजा और आर० के०जी०आई०टी०एम० के निदेशक प्रो० (डॉ०) राकेश गोयल ने हस्ताक्षर किए। मूल्य शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख डॉ० गोपाल बाबू और दोनों संस्थानों के मूल्य शिक्षा एफ एम भी उपस्थित थे। यह पहल मूल्य-आधारित शिक्षा को मजबूत करने और शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र में समग्र विकास को बढ़ाया देने की दिशा में एक महत्तवपूर्ण कदम है। संस्थान के चेयरमैन दिनेश गोयल ने इस समझौता ज्ञापन की अति प्रसशा की है। इस अवसर पर आर०के० जी०आई० टी०एम० संस्थान की डीन प्रो० मनोरमा शर्मा मौजूद रही।

# ग्राम फतेहपुर नारायण में अफवाह फैलाकर युवक पर किया जानलेवा हमला

वेलकम इंडिया



**किठौर।** कपड़े की फेरी करने गए दो युवकों पर शनिवार दोपहर को अफवाहों के चलते किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर नारायण में उग्र भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी किसी तरह मौके से भाग कर जान बचाने में सफल रहा। घायल युवक की पहचान मेरठ निवासी आरिफ पुत्र बाबू कस्बा फलावदा के रूप में हुई है, जिसे प्राथमिक उपचार के लिये किठौर के 50 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन स्थिति नाजुक होने के चलते उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है जहाँ आरिफ की हालत चिंता जनक बताई गई है। सूत्रों के अनुसार, गांव फतेहपुर में कुछ शरारती तत्वों द्वारा फैलाए गए भ्रम और अफवाहों के चलते अचानक भीड़ भड़क गई और दोनों कपड़ा फेरी वालों पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमला उकसावे की भावना से किया गया था। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल उठता है कि क्या पुलिस हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी? क्या अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर उन पर भी कठोर कदम उठाए जाएंगे फतेहपुर नारायण की यह घटना न केवल अफवाहों के खतरनाक प्रभाव को उजागर करती है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि क्या समाज अब भी भीड़तंत्र के हवाले है? अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता से न्याय सुनिश्चित करता है। क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु मेडिकल भर्ती कराया है। स्वजनों की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# मोदी कॉलेज में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर किया शहीदों को नमन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में, 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर व लेफि्टनेंट राजीव जॉगिड के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एन सी सी कैडेट्स, मोदी कॉलेज के शिक्षक गण एवं प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल ने कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी बलिदानियों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह,कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल ने सभी एन सी सी कैडिटस एवं युवाओं को सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का आह्वान किया और कहा कि युवाओं को अपने राष्ट्र के लिए आगे आकर महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन कर रहे कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर लै राजीव जांगिड ने कारगिल विजय के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी जांबाज बहादुर बलिदानियों को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने वालों में जनता इंटर कॉलेज फरीद नगर के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर, वरिष्ठ शिक्षक एवं पूर्व प्रधानाचार्य शैखर कौशिक,उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गाज़ियाबाद के जिलाध्यक्ष शरद कुमार बाजपेई, लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड़, एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजीव सिंह के साथ साथ एन सी सी कैडेट्स पुस्कर, श्याम, निशान्त, शिवान्शु यादव, कार्तिक , निकुंज तरुण, आयूष, वाशु, संदीप,ध्रुव चौधरी आदि रहे।

# पूर्व सैनिकों ने यज्ञ हवन कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** पूर्व सैनिकों ने कारगिल दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर यज्ञ का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सैनिकों ने रेलवे रोड स्थित मेजर आसाराम त्यागी की प्रतिमा पर पूर्व सैनिकों माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद चौक (राज चौपला) पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और गायत्री परिवार( वीरेंद्र गोड एवं अन्य ) द्वारा हवन यज्ञ कराया गया मोदीनगर पूर्व सैनिक संघ की तरफ से संयोजक बृजभूषण अग्रवाल महामंत्री धीरेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष राकेश तोमर एवं वरिष्ठ सदस्य राजकुमार तलवार की (मीडिया प्रभारी ) जिले सिंह वीरेंद्र सिंह विनोद जोशी, चन्द्रपाल, दिनेश शर्मा ।और अन्य भूत पूर्व सैनिकों ने इसमें भाग लिया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली मौजूद रहे तथा सैनिकों का हौसला बढ़ाया और भविष्य में सैनिकों का साथ देने का वादा किया। पूर्व सैनिक संघ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करता है।

# कावड़ यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न होने पर एसपीओ को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** कावड़ यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर एसपीओ को सम्मानित किया गया तथा नगर वासियों द्वारा किए गए सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया ।कावड़ यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न होने पर कोतवाली परिसर में पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल समाजसेवी मूलचंद गर्ग भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ पवन सिंह डॉ विनय मित्तल अरविंद अग्रवाल महेश तायल अमित गोयल निर्दोष खटाना प्रधानाचार्य अरुण त्यागी सुधीर त्यागी सत्येंद्र गुप्ता सत्येंद्र गुप्ता पंकज कंसल योगेश शर्मा नीरज शर्मा आदि लोगों के अलावा कावड़ यात्रा में सहयोगी रहे एसपीओ प्रभारी विनोद गौड़ एवं उसकी टीम ने भाग लिया और कावड़ यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन, सभी नगर वासियो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसीपी ज्ञान प्रकाश राय एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा ने कावड़ यात्रा में सहयोग करने वाले सभी एसपीओ को सम्मानित किया और उनके सम्मान में प्रति भोज का आयोजन किया। पुलिस अधिकारियों ने शहर के लोगों का एवं एसपीओ का आभार व्यक्त किया और आगे भी इसी प्रकार सहयोग करने की बात कही।

# उज्जवला सोसाइटी द्वारा तीज महोत्सव मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** उज्जवला सोसाइटी द्वारा तीज महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उज्जवला सोसाइटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा अरोड़ा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ रूपा त्यागी (विजडम स्कूल हापुड की प्रधानाचार्य), कविता गोयल (कोरियोग्राफर) वंदना अरोड़ा, दिव्यांशा अरोड़ा (कृष्णा इन्वेस्टर बाजार के ओनर) * द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके करी गई। कार्यक्रम का मन संचालन कुसुम शर्मा द्वारा बहुत ही सफल तरीके से किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने नृत्य, गाने गाये, फैशन शो प्रतियोगिता करी गई जिसके माध्यम से तेज क्वीन का चुनाव किया गया। क्षमा अग्रवाल फैशन शो के माध्यम से तीज क्वीन चुनी गई जिन्हें क्राउन और स्लैश पहनकर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उज्जवला की पूरी टीम जिसमें रिया जोसेफ,रजनी भारद्वाज ,शिखा भटनागर, अंशु गर्ग,कमलजीत ,अनीता वाधवा ,आंचल गोयल सभी का पूरा सहयोग रहा।

# डीएम-एसपी ने समीक्षा एवं सहायक समीक्षा अधिकारी के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से जनपद हाथरस में समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा 2023 की पुनः आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद में बनाये गये परीक्षा केन्द्र लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल हाथरस, रामबाग इंटर कॉलेज, अक्रूर इण्टर कॉलेज हाथरस, राजेन्द्र लोहिया विद्या मंदिर हाथरस, बांगला इंटर कॉलेज, सेकसरिया सुशीला देवी पब्लिक स्कूल एवं मलखान सिंह इंटर कॉलेज का भ्रमण , निरीक्षण किया गया । इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी(प्रा0) परीक्षा 2023 की पुनः परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे, दरवाजे, खिडकियां एवं बाउन्ड्री वाल आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।तथा परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थियों के लिए बैठने हेतु फर्नीचर की व्यवस्था एवं बिजली, पानी व शौचालय आदि व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी की गई ।तथा मॉनीटरिंग-सुरक्षा व्यवस्था हेतु बनाये गये कन्ट्रोल रूम एवं सीसीटीवी कैमरों की दिशा दशा की स्थिति को चैक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । भ्रमण-निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट एवं स्कूल के प्रबन्धक-प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ आदि मौजूद रहे ।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स लघु सिंचाई विभाग कार्यकारिणी का गठन

वेलकम इंडिया



**बहराइच।** जिले में बीते शुक्रवार के दिन पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार केंद्रीय भंडार लघु सिंचाई विभाग बहराइच के प्रांगण में डिप्लोमा इंजीनियर संघ लघु सिंचाई विभाग बहराइच की बैठक आहूत की गई। जानकारी के मुताबिक पूर्व कार्यकारिणी में अध्यक्ष राम मोहन व सचिव अमित कुमार निगम का अन्य जनपद में स्थानांतरण हो जाने के कारण अध्यक्ष एवं सचिव के पद रिक्त हो गए थे।ज्ञात हो कि जनपद में नए सदस्यों का आगमन भी हुआ है सदस्यों द्वारा वरिष्ठ अवर अभियंता शैलेश दत्त आनंद को नामित करते हुए नई कार्यकारिणी के गठन के लिए अध्यक्ष नामित किया गया तत्पश्चात पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी के गठन में सर्वसम्मत से अध्यक्ष पद हेतु सुरेश कुमार गौतम व उपाध्यक्ष रमेश सिंह सचिव संचिव कुमार कोषाध्यक्ष नीरज कुमार तथा संरक्षक शैलेंद्र दत्त आनंद को सभी सदस्यों की सहमति से निर्विरोध कार्यकारिणी के पदों पर प्रदत्त किया गया। उपरोक्त अनुसार शुक्रवार के दिन डिप्लोमा इंजीनियर संघ लघु सिंचाई विभाग बहराइच की नई कार्यकारिणी का गठन संपन्न किया गया इस गठन के उपलक्ष्य पर सुरेश कुमार गौतम, रमेश सिंह, संजीव सिंह, शैलेंद्र दत्त आनंद, नीरज कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, बी एन शुक्ला, संजय कुमार, संजीव कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार, गणेश कुमार, चंद्रशेखर सहित विभिन्न पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# जन अधिकार पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 50 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर आसपास के विद्यालयों में मर्ज किए जाने के फैसले का विरोध तेज हो गया है। जन अधिकार पार्टी ने इस निर्णय के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शनिवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा और आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है। पार्टी के पदाधिकारियों ने सरकार की इस नीति को गरीब, किसान और मजदूर तबके के बच्चों के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सीधे तौर पर शिक्षा के अधिकार (फळए) और अनिवार्य शिक्षा कानून का उल्लंघन है। इन विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा रहा है और बच्चों को दूरस्थ विद्यालयों में भेजने की योजना बनाई जा रही है। इससे गरीब व ग्रामीण परिवेश के बच्चों को 2 से 5 किलोमीटर दूर तक पढ़ाई के लिए जाना पड़ेगा, जो उनके लिए व्यवहारिक नहीं है।सरकार यदि चाहती तो इन विद्यालयों में योग्य शिक्षक, आधारभूत सुविधाएं और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर देकर छात्र संख्या में वृद्धि कर सकती थी।

जन अधिकार पार्टी ने कहा कि यह नीति ग्रामीण शिक्षा को कमजोर करने और गरीब तबके को शिक्षा से दूर करने की एक साजिश प्रतीत होती है। ऐसे में इस फैसले को तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने की अगुवाई मे जिला अध्यक्ष जगन्नाथ मौर्य, कुलदीप मौर्य, गजानन मौर्य राजू मौर्य, श्याम मौर्य आदि शामिल रहे।

# आपदा से बचाव हेतु जनहित में वृहद स्तर पर किया जाएं प्रचार-प्रसार: योगेंद्र डिमरी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भूकंप और रासायनिक आपदा जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार में ₹सुरक्षा चक्र₹ नामक मॉक एक्सरसाइज की पूर्व तैयारी हेतु एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माननीय उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) योगेन्द्र डिमरी (पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम) ने की, जो देश की रक्षा और रणनीतिक समझ में एक लंबा अनुभव रखते हैं। इस बैठक में गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश के दो नामित जनपदों की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। गौरतलब है कि एक अगस्त को उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा जैसे तीन महत्वपूर्ण राज्यों में एक साथ यह मॉक ड्रिल आयोजित की जानी है। इसी के अंतर्गत गाजियाबाद और नोएडा को उत्तर प्रदेश में प्रमुख अभ्यास स्थलों के रूप में चुना गया है। बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने उपाध्यक्ष का स्वागत प्रतीक चिन्ह और पौधा भेंट कर किया। इस अवसर पर कारगिल विजय दिवस के सन्दर्भ में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इसके पश्चात श्री डिमरी को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया, जो इस बैठक के औपचारिक आरंभ का प्रतीक बना। बैठक में उपाध्यक्ष डिमरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपदा का समय घबराने का नहीं, बल्कि सूझबूझ, समन्वय और तेजी से प्रतिक्रिया देने का होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी तैयारी सिर्फ कागज पर नहीं, जमीनी स्तर पर दिखाई देनी चाहिए। हर नोडल अधिकारी को स्थानीय एनजीओ, समाजसेवियों और ₹आपदा मित्रों₹ से समन्वय बनाकर चलना होगा, ताकि आपात स्थिति में मानवीय संसाधन की कमी न हो। उन्होंने जन-जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार अभियान चलाने पर बल दिया और कहा कि सूचना तंत्र, मीडिया, सोशल प्लेट$फॉर्म्स, बैनर-पोस्टर जैसी विधियों को सक्रिय रूप से उपयोग में लाया जाए। बैठक में प्रशासन की ओर से एडीएम (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट ने जिले की मॉक एक्सरसाइज की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद में पांच स्थलों पर यह मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी जिसमें एक शिक्षण संस्थान, एक आवासीय क्षेत्र, एक औद्योगिक प्रतिष्ठान, एक सरकारी अस्पताल और एक तहसील भवन शामिल हैं। इन सभी स्थलों पर अलग-अलग आपदाओं की काल्पनिक स्थिति बनाई जाएगी, जिनसे निपटने के लिए विभागीय प्रतिक्रिया की समीक्षा की जाएगी। वहीं गौतमबुद्ध नगर की ओर से एडीएम (एफ/आर) अतुल कुमार ने अपने जनपद की तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि इसमें किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि समूचे प्रशासन की सहभागिता और समर्पण झलकता दिखाई दिया। पुलिस, दमकल, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर निगम, विद्युत, जल, परिवहन, आपूर्ति, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनसीसी, सिविल डिफेंस, होमगार्ड, सूचना विभाग – सभी को विशिष्ट जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि अभ्यास की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि कितनी तेजी, समन्वय और संवेदनशीलता से विभाग एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं। उपाध्यक्ष श्री डिमरी ने अधिकारियों को चेताया कि ड्रिल के दौरान कोई लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और इस अवसर को एक प्रशिक्षण के रूप में लिया जाना चाहिए, न कि औपचारिकता के रूप में। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और अपने विभागों को मॉक ड्रिल के लिए पूरी तरह तैयार रखें।

# कारगिल के शूरवीरों को दी गई श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर शनिवार को एक भावपूर्ण संगोष्ठी एवं शहीद परिवारों के सम्मान समारोह का आयोजन जानकी सभागार, रामलीला मैदान, कविनगर में किया गया। कार्यक्रम में वीरता, राष्ट्रभक्ति और कृतज्ञता के भावों ने पूरे वातावरण को ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने कारगिल युद्ध के वीर जवानों की शहादत को नम आंखों से स्मरण किया। सभागार राष्ट्रभक्ति के नारों और वीर सपूतों की गाथाओं से गुंजायमान हो उठा। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि कारगिल के रणबांकुरों ने जो त्याग और बलिदान किया, वह आने वाली हर पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों पर हम सभी को गर्व है और उनके परिवारों के सम्मान की रक्षा करना हम सबका नैतिक उत्तरदायित्व है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, साहस और बलिदान की भावना का उत्सव है। उन्होंने कहा कि शहीद परिवारों का सार्वजनिक सम्मान कर हम देश के युवाओं में कर्तव्य और राष्ट्रीय चेतना का बीज बो रहे हैं। समारोह के दौरान मंच से शहीद जवानों के परिजनों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह क्षण उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत भावुक कर देने वाला रहा, जहां हर आंख नम थी और हर हृदय गर्व से भरा हुआ। इस गरिमामय आयोजन में गाजियाबाद महानगर के अनेक पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी, शिक्षाविद् और छात्र-युवा वर्ग भारी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन देशप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना।

# व्यापारी ने खुद को गोली मार की आत्महत्या

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के आकाश नगर में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बुजुर्ग व्यापारी ने अपने ही घर में लाइसेंसी हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 61 वर्षीय व्यापारी के रूप में हुई है, जो पिछले कई वर्षों से कारोबार से जुड़े थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि व्यापारी पर भारी कर्ज था और इसी आर्थिक दबाव में उसने यह कठोर व आत्मघाती कदम उठाया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने आत्महत्या के पीछे की वजहें साफ-साफ लिखी हैं। इस नोट में कुछ व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं, जिनसे वह कर्ज के बोझ में दबा हुआ था। मृतक के पुत्र अतुल राघव की तहरीर पर पुलिस ने मसूरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक लालचंद कनौजिया समेत चार अन्य राशिद, कल्लू, अतुल और शानू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में परिजनों ने आरोप लगाया कि इन सभी ने मिलकर मृतक को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और कर्ज का दबाव बनाकर उसे आत्महत्या की कगार पर ला खड़ा किया। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एसीपी लिपि नागायच ने बताया कि पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया है और उसकी वैधता की जांच की जा रही है। इसके अलावा मृतक के बैंक खाते, व्यापारिक लेन-देन, ऋण सम्बंधी कागजात, और कथित आरोपियों के साथ हुए संवादों की भी गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना की सभी कोणों से जांच की जा रही है और यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मिनट्स की कॉपी को लेकर निगम अधिकारियों पर पार्षदों में आक्रोश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता को लेकर शनिवार को नगर निगम मुख्यालय पर पार्षदों का आक्रोश फूट पड़ा। बीते शुक्रवार को आयोजित सदन की बैठक के मिनट्स की कॉपी न मिलने से नाराज दर्जनों पार्षद निगम कार्यालय पहुंच गए और अधिकारियों से जवाब-तलबी की। शुक्रवार को पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल सदन सचिव जंग बहादुर यादव से मिला और मिनट्स की प्रति मांगी। सचिव ने कहा कि सह-सचिव संजीव सिन्हा अवकाश पर हैं और उनके हस्ताक्षर न होने के कारण कॉपी महापौर तक नहीं पहुंच सकी है। लेकिन पार्षद संतोष सिंह राणा ने जब सह-सचिव से सीधे फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि मैंने सुबह ही निगमकर्मी को दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए थे। इस विरोधाभास पर नाराज पार्षदों ने इसे जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रम की स्थिति करार दिया। पार्षदों ने पूरे घटनाक्रम को नगर आयुक्त के समक्ष रखा, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि कल तक मिनट्स की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। शनिवार को जब पार्षद निगम मुख्यालय पहुंचे, तो शुक्रवार को लगी आग के कारण कार्यालय में बिजली नहीं थी, जिससे कंप्यूटर सिस्टम काम नहीं कर रहे थे।

# 'मैं, मेरा और मेरी बबल दुनिया' ने बच्चों की सोच और समाज के यथार्थ को किया उजागर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को कैम्ब्रिज कक्षाओं (कक्षा एक से छह) का वार्षिकोत्सव उल्लास और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस भव्य समारोह में लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें हर प्रस्तुति में बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास की झलक देखने को मिली। विद्यालय की कार्यकारी प्रमुख सुजैन होम्स ने अपने स्वागत संबोधन में बच्चों की मेहनत और उनके प्रस्तुत अभिनय की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सहनशीलता, आत्मविश्वास और टीम भावना के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह मंच विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को उभारने का सशक्त माध्यम बनते हैं। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. भानु बत्रा और डॉ. विधि सरीन ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाट्य प्रस्तुति 'मैं, मेरा और मेरी बबल दुनिया'रही, जिसे बच्चों ने अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया। यह कहानी आज के बच्चों की मनोस्थिति, चुनौतियों और व्यवहारगत संघर्षों को सजीव रूप में सामने लाती है। कहानी के दो प्रमुख पात्र नूडल और डूडल दर्शकों को गुदगुदाते हुए गंभीर जीवन संदेश भी दे जाते हैं। नूडल हमेशा अपनी भूलों का दोष दूसरों पर डालती है, जबकि डूडल अपने भीतर और बाहर के व्यवहार में अंतर नहीं समझ पाते। दोनों की गलतियाँ उन्हें बार-बार मुश्किलों में डालती हैं। कहानी सिखाती है कि हर कार्य का एक उचित समय और स्थान होता है, और गलतियों से सीखना ही जीवन की असली सफलता है। बच्चों के अभिनय, संवाद अदायगी, संगीत और नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रस्तुति के अंत तक सभागार तालियों से गूंज उठा। समारोह की शुरूआत में छात्रों ने वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक क्षेत्रों में विद्यालय की उपलब्धियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## फायरिंग से सनसनी, हत्या की कोशिश या पुराना बदला

**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र स्थित गिरी मार्केट के पास मंगलवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब वहां अज्ञात हमलावरों ने हत्या की नीयत से कई राउंड फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही लोनी एसओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां जांच के दौरान जमीन पर पड़े कई खाली कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति ने अपने ऊपर फायरिंग होने की सूचना दी, उसके खिलाफ पहले से ही अंकुर विहार थाने में फायरिंग का अभियोग दर्ज है। इतना ही नहीं, पूर्व की उसी घटना के सिलसिले में वह पहले जेल भी जा चुका है। ऐसे में पुलिस को मामला पहली नजर में संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला संदेहास्पद लग रहा है। जिस तरह से घटनाक्रम की सूचना दी गई है और जिस व्यक्ति ने शिकायत की है।

# समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आगामी समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 को पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन सतर्क हो गया है। परीक्षा से पूर्व महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्र व्यवस्थापकों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। यह बैठक दो चरणों में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मीणा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षार्थियों और परीक्षकों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस पर केंद्र व्यवस्थापक और सेक्टर मजिस्ट्रेट विशेष ध्यान दें। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश और वेंटिलेशन जैसी मूलभूत सुविधाओं की समय रहते उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि इस बार गाजियाबाद जिले में कुल 23,800 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसके लिए 50 परीक्षा केंद्र चिन्हित किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक केंद्र व्यवस्थापक और एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। साथ ही पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी, ताकि सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित रह सके। परीक्षा का समय पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक निर्धारित है, लेकिन परीक्षार्थियों को सुबह 8:00 से 8:45 तक ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। 8:45 के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा, यह नियम सभी केंद्रों पर सख्ती से लागू रहेगा। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों से यह भी अपील की कि वे परीक्षा आयोजन से संबंधित बुकलेट का गंभीरतापूर्वक अध्ययन करें और उसमें उल्लेखित प्रत्येक निर्देश को समझें। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक व सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व अपने-अपने केंद्रों का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें, ताकि परीक्षा वाले दिन किसी भी स्तर पर कोई असुविधा उत्पन्न न हो। इसके साथ ही अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें।

## प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश लेकर मोहन नगर में चला जागरूकता अभियान

**गाजियाबाद।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर मोहन नगर जोन में नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को निगम की टीम ने शालीमार गार्डन क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर दुकानदारों को न केवल प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल बंद करने का निर्देश दिया, बल्कि करीब 20 किलो पन्नी भी जब्त की। अभियान के दौरान निगम अधिकारियों ने दुकानों पर जाकर पॉलीथिन के उपयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे पर्यावरण हित में कपड़े, जूट और कागज से बने थैलों का उपयोग करें। अधिकारियों ने दुकानों पर रखे पॉलीथिन बैग जब्त करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोबारा इसका इस्तेमाल पाया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निगम अधिकारियों ने लोगों को बताया कि एकल उपयोग वाली प्लास्टिक न केवल मिट्टी और जल स्त्रोतों को नुकसान पहुंचाती है।

## सीवर ओवरफ्लो बना मुसीबत, आनंद इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कें बनीं तालाब

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आनंद इंडस्ट्रियल एरिया में इन दिनों सीवर ओवरफ्लो की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। गलियों से लेकर मुख्य सड़कों तक गंदा पानी बह रहा है, जिससे बदबू और कीचड़ का साम्राज्य बन गया है। सड़कें तालाब जैसी नजर आ रही हैं और गड्ढों में सीवर का पानी भर जाने से हर रोज हादसे का डर मंडरा रहा है। बारिश के मौसम ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। पानी भरने से सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देते और लोग खासकर दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर जाते हैं। स्थानीय निवासी अबरार अली ने बताया कि उनकी दुकान पर सामान लाते वक्त कई बार वाहन फिसल चुका है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। इलाके में मौजूद कई स्कूल और कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को रोजाना इस गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। अभिभावकों में नाराजगी और चिंता दोनों है, लेकिन कोई स्थायी समाधान अब तक नहीं मिला। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई है। बदबू और कीचड़ के कारण लोग बाजार आने से कतराते हैं। इससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है और दुकानदारों को आर्थिक क्षति हो रही है। वीरपाल उबास जैसे स्थानीय निवासियों ने बताया कि निगम को कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार टीम आती है, पानी पंप कर निकालती है और चली जाती है। स्थायी समाधान की कोई योजना नहीं बनाई गई। मिट्टी डलवाने की कोशिशें भी बारिश में धुल जाती हैं। जब इस गंभीर स्थिति के बारे में मोहन नगर जोनल प्रभारी आर.पी. सिंह से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मामला अभी तक संज्ञान में नहीं था। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में सीवर की सफाई कराई गई थी, लेकिन अब वे मामले की जांच कराकर दोबारा सफाई कराएंगे।

# रालोद ने तुषार कौशिक को सौंपी युवा महानगर अध्यक्ष की कमान

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की महानगर इकाई ने शनिवार को आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता के दौरान तुषार कौशिक को युवा महानगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर रालोद कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा गया। तुषार कौशिक को उनका मनोनयन पत्र हापुड़ क्षेत्र के युवा अध्यक्ष आसिफ चौधरी एवं महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी ने संयुक्त रूप से सौंपा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान ने किया, जिन्होंने नई नियुक्ति को संगठन के भविष्य के लिए एक प्रेरणास्पद कदम बताया। इस आयोजन के माध्यम से रालोद में युवाओं की नई लहर साफ तौर पर देखने को मिली। महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी ने कहा कि तुषार कौशिक एक सक्रिय समाजसेवी हैं, और उन्होंने पार्टी के भीतर भी सेवा और समर्पण की भावना से कार्य किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तुषार के नेतृत्व में गाजियाबाद के युवा बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ेंगे और रालोद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर मंच पर रालोद के कई वरिष्ठ और प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें इन्द्रजीत सिंह टीटू, जगराज बालियान, सविंद्र चौहान, विजय कौशिक, भूपेन्द्र इबास, सतबीर सिंह, सुधीर तोमर, राजू गीतम, विशाल चौधरी, उपेन्द्र चौधरी, संजीव अरोड़ा, सुजीव चौधरी, प्रदीप त्यागी, दिनेश शर्मा, विशाल सिरोही, दीपाली, गीता त्यागी, प्रेमा, अमित त्यागी, ओ.पी. त्यागी, राजू सिंह आदि शामिल रहे। सभी वरिष्ठ नेताओं ने तुषार कौशिक को बधाई देते हुए उनके कंधों पर संगठन के विस्तार और युवा शक्ति को संगठित करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस आयोजन ने न केवल तुषार कौशिक के नेतृत्व की शुरूआत को ऐतिहासिक बना दिया।

# यूपी गेट के पास बिजलीघर में भीषण आग, घंटों मशक्कत के बाद पाया गया काबू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** यूपी गेट के पास स्थित बिजलीघर में शनिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां 160 एमवीए क्षमता के विद्युत ट्रांसफॉर्मर में भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे क्षेत्र में धुआं व लपटें फैल गईं। हालात इतने भयावह हो गए कि मौके पर गौतमबुद्धनगर व नगर फायर स्टेशन से भी अतिरिक्त फायर टेंडर बुलाने पड़े। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल ने बताया कि शनिवार रात 11 बजकर 55 मिनट पर यूपी गेट बिजलीघर में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। सूचना मिलते ही नजदीकी फायर स्टेशन से चार फायर टेंडर तत्काल रवाना किए गए। जब मौके पर पाया गया कि हजारों लीटर तेल से भरा विशालकाय ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह लपटों की चपेट में है, तो तुरंत कोतवाली नगर फायर स्टेशन से दो और गौतमबुद्ध नगर से एक अतिरिक्त फायर टेंडर मंगवाया गया। राहुल पाल ने बताया कि टीम ने घंटों संघर्ष कर आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो आसपास के क्षेत्रों तक आग फैल सकती थी और एक बड़ा हादसा हो सकता था। फायर ब्रिगेड की तेज कार्रवाई, तकनीकी दक्षता और सजगता के चलते न सिर्फ जनहानि रोकी गई, बल्कि आग को सीमित दायरे में ही नियंत्रित कर लिया गया।